नरसिंहपुर, मंडला, जबलपुर, कटनी, भोपाल, इंदौर, मुंबई, दिल्ली, रायपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

रूप चौदस की हार्दिक शुभकामनाएं

yashbharat.co.in

नये जमाने के साथ..

यश भारत

● वर्ष-11 अंक-140 ● नरसिंहपुर ● शनिवार, 7 नवम्बर, 2026 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक कृष्ण पक्ष 13 ● विक्रम संवत् 2083



बेंगलुरू में खौफनाक सामूहिक हत्याकांड

कैब ड्राइवर ने पत्नी, सास समेत परिवार के सात लोगों को सिलबट्टे से मार डाला



बेंगलूरू, एजेंसी। कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू में दिल दहला देने वाला सामूहिक हत्याकांड सामने आया है। यहां 45 वर्षीय कैब ड्राइवर शेखर उर्फ इंदुशेखर पर अपनी पत्नी, सास समेत परिवार के सात लोगों की बेरहमी से हत्या करने का आरोप है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने कथित तौर पर वैवाहिक विवाद और पत्नी के मायके पक्ष की दखलंदाजी से नाराज होकर इस खौफनाक वारदात की साजिश रची। आरोप है कि उसने दो दिनों के भीतर राजाजीनगर स्थित अपने घर में एक-एक कर सात लोगों को बुलाया और सिलबट्टे के पत्थर से उनकी हत्या कर दी। इसके बाद कुछ शवों को अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने लगाने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक, इस सामूहिक हत्याकांड में आरोपी की पत्नी सुनीता, सास रूपावती, साले शिवकुमार और शंकर, परिवार की बहुएं दिव्या और नलिनी तथा सात वर्षीय पुनीत की मौत हुई है। एक मासूम बच्चे की भी हत्या किए जाने से मामले ने और गंभीर रूप ले लिया है। पुनीत का शव चिक्कबल्लापुर जिले में नंदी हिल्स के पास बरामद किया गया। पुलिस को आशंका है कि आरोपी ने वारदात के बाद सबूत मिटाने और शवों को ठिकाने लगाने की कोशिश की। जांच में सामने आया है कि शेखर और सुनीता की शादी करीब 20 साल पहले हुई थी। पिछले कुछ समय से दोनों के बीच वैवाहिक संबंधों को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच जब भी झगड़ा होता था, सुनीता के परिवार के लोग हस्तक्षेप करते थे और उसका पक्ष लेते थे। पुलिस को संदेह है कि शेखर इसी बात को लेकर नाराज था और उसे लगता था कि पत्नी के मायके वाले उसकी पारिवारिक जिंदगी में दखल दे रहे हैं। इसी रंजिश में उसने कथित तौर पर पत्नी और उसके परिवार के सदस्यों को निशाना बनाया। हालांकि, हत्याओं के पीछे की वास्तविक वजह और साजिश की पूरी जानकारी जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

कुदरत का कहर, मौसम की मार

ओडिशा में भूस्खलन से 7 की मौत, 6 लापता यूपी के 20 शहरों में घना कोहरा, 5 ट्रेनें रद्द



नई दिल्ली। यशभारत। *देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। कहीं चक्रवात के बाद भूस्खलन से जनजीवन प्रभावित है, तो कहीं कोहरे और गिरते तापमान ने सर्दी का अहसास बढ़ा दिया है। ओडिशा के गंजाम जिले में चक्रवात अर्नब के बाद हुए भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई है, जबकि छह लोग अब भी लापता हैं। वहीं उत्तर प्रदेश के 20 शहरों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है और मिर्जापुर में पांच ट्रेनों को अगले तीन महीने के लिए रद्द कर दिया गया है। तमिलनाडु के 10 जिलों में बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की है।*

ओडिशा के गंजाम जिले के पहाड़ी गांव में गुरुवार को भूस्खलन के बाद राहत एवं बचाव अभियान के दौरान पांच और शव बरामद किए गए। इससे पहले दो लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी थी। हादसे में अब तक सात लोगों की जान जा चुकी है, जबकि छह लोग लापता बताए जा रहे हैं। ये सभी लोग 28 अक्टूबर को आए चक्रवात अर्नब के बाद पहाड़ी क्षेत्र में हुए भूस्खलन की चपेट में आ गए थे। लगातार मलबा हटाने और लापता लोगों की तलाश का काम जारी है।

उत्तर प्रदेश में नवंबर की शुरुआत के साथ ही ठंड का असर बढ़ने लगा है। शुक्रवार सुबह राजधानी लखनऊ के अलावा बाराबंकी, महराजगंज, श्रावस्ती, संभल समेत करीब 20 शहरों में कोहरे की चादर छाई रही। श्रावस्ती में दृश्यता घटकर 10 मीटर से भी कम रह गई, जबकि कई अन्य इलाकों में भी वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे के चलते रेल परिचालन पर भी असर पड़ा है। मिर्जापुर में पांच ट्रेनों को अगले तीन महीने के लिए रद्द करने का फैसला लिया गया है। राज्य के 20 जिलों में न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। हरदोई में रात सबसे ठंडी रही। तमिलनाडु में इसके उलट बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कांचीपुरम, तिरुवन्नामलाई समेत 10 जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक 6 नवंबर की रात एक बजे तक इन जिलों के कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। तिरुवरूर में लगातार दूसरे दिन तेज बारिश हुई। कई इलाकों में सड़कों पर करीब एक फीट तक पानी भरने से आवागमन प्रभावित हुआ। मध्य प्रदेश में भी रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। राज्य में न्यूनतम तापमान औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है। कई स्थानों पर पारा 12 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। भोपाल और इंदौर में रात की ठंड बढ़ने लगी है। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार से तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

झारखंड में बेकाबू ट्रेलर का तांडव

9 लोगों को रौंदा, 7 की मौत



खूंटी, एजेंसी। *झारखंड के खूंटी जिले के कर्रा में गुरुवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े लोगों को तेज रफ्तार ट्रेलर ने कुचल दिया। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। मृतकों में तीन महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। हादसे के बाद इलाके में चीख-पुकार मच गई। मृतकों में दो परिवारों के सदस्य शामिल हैं। एक परिवार के चार लोगों की जान चली गई, जबकि दूसरे परिवार के तीन सदस्यों की मौत हुई है। घटना के विरोध में शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया।*

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कर्रा की कोशांबी कॉलोनी के पास एक स्कूटी सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में जा घुसा था। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए मौके पर पहुंचे। कुछ लोग झाड़ियों में फंसे युवक को निकालने का प्रयास कर रहे थे, जबकि महिलाएं और बच्चे सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान तोरपा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रेलर ने वहां मौजूद लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर चालक और खलासी वाहन छोड़कर फरार हो गए। हादसे में बिरसा नायक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। उनकी पत्नी कसीला देवी उर्फ जवंती, बेटी अंजली कुमारी और एक साल के नाती की मौत हो गई। बिरसा की दूसरी बेटी खुशबू गंभीर रूप से घायल है, जिसका सदर अस्पताल खूंटी में इलाज चल रहा है। वहीं, दूसरे परिवार के राजेश की मां कर्मी लोहराइन, पत्नी फगन संगा और बेटियां सुभानी व सोनी कुमारी की भी हादसे में जान चली गई। राजेश तीन दिन पहले ही मजदूरी के लिए गुजरात गए थे। उन्हें हादसे की सूचना दे दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार ट्रेलर चालक और खलासी की तलाश की जा रही है।

मुंबई हाईकोर्ट को फिर उड़ाने की धमकी, अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा का भी जिक्र

मुंबई,यशभारत। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक बार फिर बम धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। शुक्रवार को बॉम्बे हाईकोर्ट को धमकी भरा ईमेल भेजा गया, जिसमें अदालत परिसर को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई। चौंकाने वाली बात यह है कि ईमेल में बॉम्बे हाईकोर्ट के अलावा बीएसई, वर्ली रेसकोर्स और बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के जुहू स्थित बंगले जलसा का भी उल्लेख किया गया है। धमकी मिलने के बाद मुंबई पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई और संबंधित स्थानों पर जांच शुरू कर दी गई।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, धमकी भरे ईमेल में मुंबई के कई महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थानों को निशाना बनाने की बात कही गई थी। इनमें बॉम्बे हाईकोर्ट, बीएसई, वर्ली रेसकोर्स और



अमिताभ बच्चन का बंगला जलसा शामिल हैं। ईमेल सामने आने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित परिसरों में तलाशी अभियान चलाया। पुलिस और सुरक्षा टीमों ने संभावित खतरे को देखते हुए जांच की, लेकिन शुरुआती तलाशी में किसी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री के मिलने की सूचना नहीं है। पुलिस अब ईमेल भेजने वाले की पहचान करने में जुटी है। इसके लिए ईमेल के स्रोत और तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है। एजेंसियां यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि धमकी के पीछे किसी व्यक्ति की शरारत है या इसके पीछे कोई गंभीर साजिश है।गौरतलब है कि अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा का नाम धमकी में आने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले 23 अक्टूबर को मुंबई की मेयर रितु तावड़े के कार्यालय को मिले धमकी भरे ईमेल में भी अमिताभ बच्चन के आवास और गायक दिलजीत दोसांझ के कार्यक्रम स्थल महालक्ष्मी रेसकोर्स का उल्लेख किया गया था। इसके अलावा 2 नवंबर को महाराष्ट्र के ठाणे, पुणे, हिंगोली, बीड और नांदेड़ सहित कई जिलों के न्यायालय परिसरों को भी बम से उड़ाने की धमकियां मिली थीं। तलाशी के दौरान वहां भी कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली थी।

कर्मभूमि एक्सप्रेस की बोगियों में लगी आग, पैंट्री से शुरू हुई लपटें, यात्रियों में अफरा-तफरी



पटियाला,यशभारत। पंजाब से बिहार जा रही कर्मभूमि एक्सप्रेस में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। घटना पंजाब के पटियाला जिले में राजपुरा स्टेशन के पास हुई। आग ट्रेन की पैंट्री से शुरू होकर कुछ अन्य बोगियों तक फैल गई। धुआं उठता देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए ट्रेन से बाहर निकल आए। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल और संबंधित टीमों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कर्मभूमि एक्सप्रेस शुक्रवार दोपहर राजपुरा स्टेशन पहुंची थी। इसी दौरान ट्रेन में आग लगने की घटना सामने आई। बताया गया कि आग सबसे पहले पैंट्री कार में लगी और देखते ही देखते इसकी लपटें आसपास की बोगियों तक पहुंच गईं। आग और धुएं को देखकर यात्रियों में दहशत फैल गई। ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने तत्काल बाहर निकलना शुरू कर दिया। घटनास्थल से सामने आए वीडियो में ट्रेन के आसपास धुएं का गुबार दिखाई दे रहा है। पटियाला के उपायुक्त हिमांशु अग्रवाल ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि आग पैंट्री कार से शुरू हुई थी और कुछ अन्य बोगियों तक फैल गई।

9 नवंबर को प्रदेशभर में मनेगी गोवर्धन पूजा, 3 हजार गोशालाओं को मिलेंगे 60 करोड़ रुपय

भोपाल, यशभारत। मध्यप्रदेश में 9 नवंबर को प्रदेशव्यापी गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश की 3 हजार से अधिक पंजीकृत गोशालाओं में गोवर्धन पूजन के साथ गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही पशुपालकों का सम्मान कर गोसेवा और गोवंश संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री गोशालाओं में संरक्षित निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए 60 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान राशि जारी करेंगे।

अब घंटों का सफर होगा आसान, एमपी में बिछेगा 1,398 कि.मी. का एक्सप्रेस-वे जाल



5 नए कॉरिडोर से इन 10 शहरों को मिलेगा फायदा

भोपाल, यशभारत। मध्यप्रदेश में सड़क कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई देने की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य सरकार 63,296 करोड़ रुपये की लागत से 1,398 किलोमीटर लंबे पांच नए ग्रीनफील्ड कॉरिडोर विकसित करने जा रही है। इन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश के प्रमुख शहरों के बीच आवागमन तेज और सुगम होगा। भोपाल से मंदसौर, भोपाल से ग्वालियर, सागर से सतना, जबलपुर से आशापुर और कटनी से सिंगरौली तक बनने वाले ये कॉरिडोर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों को आधुनिक सड़क नेटवर्क से जोड़ेंगे। इससे न केवल यात्रियों का समय बचेगा, बल्कि औद्योगिक गतिविधियों, व्यापार, कृषि उत्पादों के परिवहन और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सड़क परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने और प्रस्तावित कॉरिडोर की प्रक्रिया निर्धारित समयसीमा में पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सड़कें विकास की जीवनरेखा हैं और सरकार का लक्ष्य प्रदेश के प्रत्येक गांव, कस्बे और शहर को बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराना है।

चार लेन के होंगे सभी पांच कॉरिडोर

बैठक में इन पांच ग्रीनफील्ड कॉरिडोर की तैयारियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। प्रस्तावित सभी मार्ग चार लेन के एक्सेस-कंट्रोल्ड कॉरिडोर होंगे। इनमें पेव्ड शोल्डर की सुविधा भी विकसित की जाएगी। इससे तेज रफ्तार यातायात के साथ सड़क सुरक्षा और वाहनों की आवाजाही को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। परियोजनाओं में भोपाल-मंदसौर कॉरिडोर की लंबाई 258 किलोमीटर, सागर-सतना की 227 किलोमीटर, जबलपुर-आशापुर की 358 किलोमीटर, भोपाल-ग्वालियर की 320 किलोमीटर और कटनी-सिंगरौली कॉरिडोर की लंबाई 235 किलोमीटर प्रस्तावित है। इस तरह कुल 1,398 किलोमीटर का नया सड़क नेटवर्क तैयार होगा।

धनतेरस पर सोने की चमक फीकी

22 फीसदी टूटे दाम चांदी में भी 56 प्रतिशत की गिरावट



नई दिल्ली,यशभारत। धनतेरस पर सोने-चांदी की खरीदारी को लेकर सर्राफा बाजार में खास उत्साह रहता है। भारतीय परिवारों में इस दिन कीमती धातुओं की खरीदारी को समृद्धि और मां लक्ष्मी के आगमन का प्रतीक माना जाता है। हालांकि धनतेरस 2026 पर बाजार की तस्वीर कुछ अलग है। पिछले कुछ वर्षों में रिकॉर्ड तेजी दर्ज कराने वाले सोने और चांदी की कीमतों में इस साल बड़ी गिरावट देखने को मिली है। जनवरी 2026 में 1.80 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई स्तर पर पहुंचने के बाद सोना 22 प्रतिशत से अधिक टूट चुका है। इसी तरह चांदी भी अपने जनवरी के उच्चतम स्तर से 56 प्रतिशत से ज्यादा नीचे आ गई है। कीमतों में आई इस गिरावट ने उन खरीदारों और निवेशकों को राहत दी है, जो ऊंचे दामों के कारण अब तक खरीदारी से दूरी बनाए हुए थे।धनतेरस 2021 से धनतेरस 2026 के बीच सोने की कीमतों में करीब 192 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस तेज उछाल के बाद आई गिरावट ने बाजार में निवेश की रणनीति को लेकर नई बहस छेड़ दी है। अब सवाल यह है कि मौजूदा कीमतों पर सोना खरीदना कितना फायदेमंद है और निवेश के लिए आभूषण, गोल्ड ईटीएफ या सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) में से कौन-सा विकल्प बेहतर साबित हो सकता है।धनतेरस के कारोबारी दिन सुबह बाजार खुलने के साथ ही कीमती धातुओं में नरमी का रुख रहा। घरेलू बाजार में सोने का भाव 1,820 रुपये यानी 1.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,42,640 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता रहा। वहीं चांदी की कीमत में 2,680 रुपये यानी 1.43 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और इसका भाव 1,84,860 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया।

ओबीसी क्रीमी लेयरः माता-पिता की सैलरी अकेला आधार नहींः सुको



नई दिल्ली, एजेंसी। ओबीसी आरक्षण के तहत क्रीमी लेयर तय करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि किसी अभ्यर्थी को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण से बाहर करने के लिए उसके माता-पिता की केवल वेतन या आय को आधार नहीं बनाया जा सकता। क्रीमी लेयर निर्धारित करते समय माता-पिता की सामाजिक स्थिति, उनके पद और पद की प्रकृति को भी ध्यान में रखना जरूरी है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की संशोधन याचिका खारिज कर दी है। इस फैसले का सीधा असर उन अभ्यर्थियों पर पड़ेगा, जिनके माता-पिता सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू), बैंकों और निजी संस्थानों में कार्यरत हैं।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से पीएसयू और निजी क्षेत्र की नौकरियों के पदों की सरकारी पदों के समकक्ष स्थिति निर्धारित करने तथा नई व्यवस्था लागू करने के लिए दो साल का अतिरिक्त समय मांगा था। हालांकि, अदालत ने सरकार की इस मांग को स्वीकार नहीं किया। कोर्ट ने फैसले का अनुपालन करने के लिए केवल आठ सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया है।दरअसल, यह पूरा मामला सिविल सेवा परीक्षा में ओबीसी नॉन-क्रीमी लेयर का लाभ पाने वाले कुछ अभ्यर्थियों से जुड़ा है। इन अभ्यर्थियों के माता-पिता सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों और इसी तरह के संस्थानों में कार्यरत थे। सरकार ने उनके माता-पिता के वेतन को आय में शामिल करते हुए उन्हें क्रीमी लेयर की श्रेणी में मान लिया था, जिसके कारण उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिल सका। इसके बाद अभ्यर्थियों ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) में याचिका दायर कर नॉन-क्रीमी लेयर के आधार पर नियुक्ति देने की मांग की थी। अधिकरण ने उनके पक्ष में आदेश जारी किया था।विवाद की जड़ केंद्र सरकार का वर्ष 1993 का कार्यालय ज्ञापन है, जिसमें ओबीसी क्रीमी लेयर निर्धारित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इसमें वेतन और कृषि आय को आय सीमा की गणना में शामिल नहीं करने का प्रावधान था। हालांकि, 14 अक्टूबर 2004 को जारी स्पष्टीकरण में पीएसयू और निजी क्षेत्र में कार्यरत माता-पिता के वेतन और आय को भी गणना में शामिल करने की बात कही गई।

तीन पड़ोसी देशों के छह गैर-मुस्लिम समुदायों के लिए भारत में अब वीजा अनिवार्य, पहले मिली थी छूट



नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए छह गैर-मुस्लिम समुदायों के लोगों के लिए वीजा संबंधी नियमों में बदलाव किया है। अब इन देशों से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारत में रहने के लिए उचित श्रेणी का वीजा लेना अनिवार्य होगा। पहले इन्हें पासपोर्ट और वीजा की शर्तों से छूट दी गई थी।केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, यह बदलाव उन लोगों पर लागू होगा, जो धार्मिक उत्पीड़न या उसके डर से 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए थे। इनमें वे लोग भी शामिल हैं, जिनके पास भारत आने के समय वैध यात्रा दस्तावेज नहीं थे या जिनके दस्तावेज बाद में समाप्त हो गए। सितंबर 2025 में जारी आदेश के तहत इन छह समुदायों को पासपोर्ट और वीजा संबंधी शर्तों से राहत दी गई थी। नए आदेश के बाद भारत में उनके प्रवास के लिए निर्धारित श्रेणी का वीजा जरूरी होगा।

सीएए के अनुरूप किए गए नियम

गृह मंत्रालय ने नए बदलावों के जरिए आव्रजन नियमों को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए), 2019 के प्रावधानों के अनुरूप बनाने के साथ भारत, नेपाल और भूटान के बीच आवाजाही के नियमों को भी सख्त किया है। अब भारत से नेपाल या भूटान जाने वाले और वहां से भारत आने वाले नागरिकों को सरकार के निर्धारित वीजा मैनुअल के अनुसार मान्य पहचान दस्तावेज दिखाने होंगे।नए प्रावधानों के तहत यदि कोई भारतीय नागरिक नेपाल या भूटान के रास्ते किसी तीसरे देश की यात्रा करता है, तो उसके पास वैध पासपोर्ट होना अनिवार्य होगा। उसे निर्धारित आव्रजन चेकपॉइंट से ही आवागमन करना होगा। इसी तरह नेपाल और भूटान के नागरिकों को भी यदि वे भारत, नेपाल और भूटान के अलावा किसी अन्य देश की यात्रा कर रहे हैं अथवा चीन, पाकिस्तान, हांगकांग या मकाऊ के रास्ते भारत आ रहे हैं, तो वैध पासपोर्ट और वीजा प्रस्तुत करना होगा।

शेयर बाजार में जोरदार उछाल, सेंसेक्स 81 हजार के पार निवेशकों की संपत्ति 30 लाख करोड़ बढ़ी



मुंबई, यशभारत। दीपावली से पहले धनतेरस के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मजबूत बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 1,718 अंकों से अधिक की तेजी दर्ज की गई और यह 81 हजार के स्तर को पार कर गया। वहीं निफ्टी भी करीब 494 अंकों की बढ़त के साथ 25 हजार के ऊपर पहुंच गया।

बाजार में आई इस तेजी से निवेशकों के चेहरे खिल उठे।कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,718.01 अंक यानी 2.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,028.02 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 493.75 अंक यानी 2.01 प्रतिशत चढ़कर 25,030.35 अंक पर पहुंच गया। खास बात यह रही कि बाजार में लगातार सातवें कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण बढ़कर करीब 503 लाख करोड़ रुपये हो गया। 28 अक्टूबर को यह लगभग 473 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह कुछ ही कारोबारी सत्रों में निवेशकों की संपत्ति में करीब 30 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ।




पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत

मंडला, यशभारत।रानी फूलकुंवर पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, मंडला में प्राचार्य अरविंद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में नवप्रवेशित छात्राओं के स्वागत हेतु फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की नवप्रवेशित छात्राओं ने परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा और भविष्य के लक्ष्य साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर छात्राओं ने नृत्य, गायन एवं नाटक की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए संचालित एकलव्य योजना एवं तकनीकी शिक्षा के महत्व की जानकारी दी गई।प्राचार्य श्री गुप्ता ने छात्राओं को एकलव्य योजना का लाभ लेकर निर्धारित समय में डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूर्ण करने तथा प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सीनियर छात्राओं को उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से रोजगार के अवसर तलाशने की सलाह दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के व्याख्याता, अतिथि व्याख्याता एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

अस्पताल की मेटरनिटी विंग के पास डस्टबिन में मिला 1.7 किलो का भ्रूण: CCTV में दिखी महिला

पन्ना की महिला ने भ्रूण को अपना मानने से किया इनकार, पहचान के लिए होगा DNA टेस्ट; अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को दी सूचना



सतना। जिला अस्पताल की मेटरनिटी विंग के समीप डस्टबिन में एक मृत भ्रूण मिलने से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। भ्रूण का वजन करीब 1.7 किलोग्राम बताया गया है। अस्पताल प्रबंधन ने सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो रात के समय एक महिला डस्टबिन में कुछ फेंकते हुए दिखाई दी। इसके बाद अस्पताल में भर्ती एक महिला से पूछताछ की गई, लेकिन उसने भ्रूण को अपना होने से इनकार कर दिया। अब भ्रूण परीक्षण के जरिए भ्रूण की पहचान करने की तैयारी की जा रही है।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, 4 और 5 नवंबर की दरमियानी रात करीब 12:30 से 1 बजे के बीच मेटरनिटी विंग के पास रखे डस्टबिन में एक महिला कुछ डालती हुई कैमरे में कैद हुई थी। गुरुवार सुबह सफाई के दौरान कर्मचारियों को डस्टबिन में भ्रूण दिखाई दिया। इसकी जानकारी तत्काल अस्पताल के अधिकारियों को दी गई। फुटेज खंगालने पर महिला की गतिविधियां सामने आईं। एक कैमरे में महिला का चेहरा ढंका हुआ था, जबकि दूसरे कैमरे में उसका चेहरा स्पष्ट नजर आया।

तीन महीने के गर्भपात की जानकारी पर डॉक्टर को हुआ संदेह

मामले में अस्पताल में पहले से भर्ती पन्ना जिले की एक महिला की भूमिका को लेकर संदेह जताया गया। महिला को बुधवार देर रात प्रसव के बाद गर्भनाल बाहर नहीं निकलने (रिटेन्ड प्लेसेंटा) की शिकायत पर भर्ती कराया गया था। महिला और उसके परिजनों ने गर्भावस्था करीब तीन महीने की बताई थी। ड्यूटी डॉक्टर डॉ. हर्षा भाटीजा ने उपचार के दौरान गर्भाशय में फंसी नाल निकाली तो भ्रूण के आकार को देखकर बताई गई गर्भावधि पर संदेह हुआ।

इसके बाद फुटेज के आधार पर महिला से पूछताछ की गई। हालांकि, महिला ने डस्टबिन में मिले भ्रूण को अपना बताने से साफ इनकार कर दिया। ऐसे में केवल संदेह के आधार पर भ्रूण की पहचान तय नहीं की गई है।

डीएनए जांच से खुलेगा पहचान का राज

सिविल सर्जन डॉ. अमर सिंह के मुताबिक, महिला का डीएनए सैंपल लेकर मृत भ्रूण के सैंपल से मिलान कराया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन ने भ्रूण को सुरक्षित रखने के लिए मॉर्चरी के डीप फ्रीजर में रखवाया है। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया भी कराई जा रही है। आरएमओ डॉ. अभिनव चौरसिया और सहायक प्रबंधक डॉ. धीरेन्द्र वर्मा ने भ्रूण को सुरक्षित रखने की व्यवस्था कराई। अस्पताल प्रबंधन ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है और सिविल सर्जन ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। अब डीएनए रिपोर्ट और पुलिस की जांच से ही स्पष्ट हो सकेगा कि भ्रूण किसका था और उसे डस्टबिन में किसने रखा।



कलेक्टर ने जिलेवासियों से की स्थानीय उत्पाद अपनाने की अपील

मंडला, यशभारत। दीपावली के पावन त्यौहार को देखते हुए कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने एक अनुकरणीय पहल की है। उन्होंने बाजार पहुंचकर मंडला जिले के स्थानीय कलाकारों और स्वदेशी स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के आकर्षक दीयों की खरीदारी की। कलेक्टर की इस मुहिम में उनके साथ जिला पंचायत सीईओ श्री शास्वत सिंह मीना सहित अन्य जिला अधिकारी भी शामिल हुए। सभी अधिकारियों ने स्थानीय कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए मिट्टी के दीये और विभिन्न स्वदेशी उत्पादों को खरीदा। इस दौरान तहसीलदार मण्डला श्री हिमांशु भलावी, डीपीएम एनआरएलएम श्री बीडी भैंसारे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री धोटे ने मंडला जिले के समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे इस दिवाली पर स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीयों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि जब हम अपने क्षेत्र के गरीब और मेहनती कलाकारों के उत्पाद खरीदते हैं, तो इससे न केवल उन्हें प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक मदद मिलती है, बल्कि हमारे स्थानीय पारंपरिक उद्योगों और बाजारों को भी नया बढ़ावा मिलता है। आइए, इस दिवाली हम सब मिलकर स्थानीय कलाकारों के घरों को भी रोशन करें।

40 साल बाद भी पक्के मकान का इंतजार ड्रोन सर्वे में छूटे 50 परिवारों ने लगाई गुहार



इंदिरा आवास योजना के तहत 1984 में मिले थे पट्टे, 2021 के सर्वे में दर्ज नहीं हो सके नाम



सागर, यशभारत । सागर जिले के बीना तहसील अंतर्गत सनाई गांव में चार दशक (40 साल) से रह रहे 50 परिवारों को आज तक अपने ही घरों का मालिकाना हक नहीं मिल सका है। वर्ष 1984 में इंदिरा आवास योजना के तहत पट्टे मिलने के बाद इन परिवारों ने अपने आशियाने तो बना लिए, लेकिन कागजी दस्तावेजों और स्वामित्व के अभाव में आज भी ये भटकने को मजबूर हैं।

मामले की मुख्य वजह वर्ष 2021 में कराया गया ड्रोन सर्वे बताया जा रहा है। उस दौरान केंद्र सरकार की 'स्वामित्व योजना' के तहत हुए सर्वे में प्रशासनिक लापरवाही के कारण इन 50 परिवारों के नाम दर्ज होने से छूट गए थे। इसके बाद से ही ग्रामीण लगातार सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

लोन और पक्के निर्माण में आ रही बाधाएं

स्वामित्व कार्ड और रजिस्ट्री न होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंकों से लोन न मिलने के कारण लोग अपने मकानों का पक्का निर्माण या मरम्मत नहीं करा पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे इससे पहले भी कई बार प्रशासन को आवेदन दे चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला।

हताश ग्रामीणों ने एक बार फिर बीना एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। मांग की गई है कि 1984 के पुराने पट्टों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और ड्रोन सर्वे में हुई त्रुटि को सुधारकर सभी पात्र परिवारों को उनका मालिकाना हक (स्वामित्व कार्ड) प्रदान किया जाए। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के बाद नियमानुसार उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

अब देखना यह होगा कि 40 वर्षों से अपने हक की लड़ाई लड़ रहे इन 50 परिवारों की सुध कब तक ली जाती है और कब इन्हें अपने आशियाने का वास्तविक मालिकाना हक मिलता है।

सड़क दुर्घटना में घायलों को मिले तुरंत उपचार

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक सिंगरौली श्री षियाज के.एम. के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सर्वप्रिय सिन्हा के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक श्री हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी यातायात सुश्री रोशनी केशरवानी के नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित एवं समुचित चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराने तथा पीएम राहत योजना का अधिकाधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से विशेष समन्वय एवं प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टस्राह) श्री पुष्पराज सिंह एवं जिला कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रवीण पटेल की उपस्थिति में विभिन्न अस्पतालों में आयुष्मान भारत एवं पीएम राहत योजना से संबंधित कार्य देख रहे ऑपरेटरों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निर्धारित प्रक्रियाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।इस दौरान थाना प्रभारी यातायात सुश्री रोशनी केशरवानी एवं डीआरएम श्री अभय द्वारा उपस्थित ऑपरेटरों को सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को पीएम राहत योजना के अंतर्गत अस्पतालों में भर्ती कराने, आवश्यक दस्तावेजी औपचारिकताओं को पूर्ण करने तथा घायलों को योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।बैठक में विशेष रूप से इस बात पर बल दिया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल प्रत्येक व्यक्ति को समय पर उपचार उपलब्ध हो तथा योजना से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं का त्वरित एवं व्यवस्थित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित अस्पतालों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा सूचनाओं के समयबद्ध आदान-प्रदान पर जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री पुष्पराज सिंह द्वारा उपस्थित ऑपरेटरों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए योजना के निर्धारित प्रावधानों का प्रभावी पालन करने, दुर्घटना पीड़ितों के उपचार से संबंधित प्रक्रियाओं को प्राथमिकता देने तथा अधिकाधिक व्यक्तियों को योजना से लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया गया।



संवादः स्वतंत्र पत्रकारिता और सोशल मीडिया में रोजगार के व्यापक अवसर

सागर, यशभारत। डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के संचार एवं पत्रकारिता विभाग में हाल ही में 'संवाद' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र में विभाग के पूर्व छात्र एवं जाने-माने स्वतंत्र पत्रकार अभिनव मुखुटी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने छात्र जीवन के संस्मरणों को ताजा करते हुए वर्तमान विद्यार्थियों के साथ अपने व्यापक पत्रकारिता अनुभव साझा किए और इस क्षेत्र की चुनौतियों व संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

इच्छाशक्ति से मिलती है सफलता

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वतंत्र पत्रकार अभिनव मुखुटी ने कहा कि आज स्वतंत्र पत्रकारिता और सोशल मीडिया के दौर में रोजगार के असीम और व्यापक अवसर मौजूद हैं। आवश्यकता सिर्फ इस बात की है कि युवा सही दिशा और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने आह्वान किया कि यदि छात्र पत्रकारिता के निर्धारित और स्थापित मापदण्डों के अनुरूप कार्य करने का संकल्प लें, तो सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी।

अपने संघर्षों और अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि जमीनी सच सामने लाने के दौरान कई बार धमकियों और प्रलोभनों के जरिए काम रोकने के प्रयास किए जाते हैं, लेकिन एक सच्चे पत्रकार को इन दबावों से परे होकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए। 'नो फिकर' समाचार के संपादक के रूप में अपने सफर का जिक्र करते हुए उन्होंने छात्रों को बताया कि– प्रदेशभर में 370 से अधिक 'नो फिकर' के संवाददाता सक्रिय रहे हैं।उन्होंने स्वयं 500 से अधिक फील्ड रिपोर्टिंग की हैं।100 से अधिक पॉडकास्ट का निर्माण किया है।4 वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) बनाने के साथ-साथ पुस्तक लेखन के क्षेत्र में भी कार्य किया है।

माय भारत : युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित

मंडला, यशभारत।युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, मताधिकार एवं निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से माय भारत, मंडला द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 'युवा संवाद अपना मताधिकार जानें' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों एवं युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि श्री जयदत्त झा एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक श्री शैलेश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर युवा आइकॉन श्री आदित्य कमलेश अवस्थी ने युवाओं से संवाद कर मतदान के महत्व, मतदाता के अधिकारों, निर्वाचन प्रक्रिया तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों की भूमिका के संबंध में जानकारी दी। संवाद सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों एवं अन्य युवाओं ने मतदाता पंजीयन, मताधिकार के उपयोग, निर्वाचन प्रक्रिया तथा लोकतंत्र में युवाओं की सहभागिता से संबंधित जिज्ञासाएं रखीं। युवा आइकॉन ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए बताया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की सुदृढ़ता के लिए प्रत्येक नागरिक की जागरूक एवं जिम्मेदार सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा समाज के अन्य नागरिकों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित युवाओं को लोकतांत्रिक शपथ दिलाई गई। युवाओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण, निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान तथा जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा अधिकारी श्री भुवन सिंह सोलंकी के मार्गदर्शन में माय भारत मंडला द्वारा किया गया। आयोजन में लेखा एवं कार्यक्रम सहायक श्री रघुनंदन झारिया, कार्यालय स्टाफ श्री अनुराग राय तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्री प्रवीण अग्रवाल का सहयोग रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी सक्रिय एवं जिम्मेदार सहभागिता के लिए प्रेरित करना रहा।

नशे के अवैध कारोबार पर प्रहार : गांजा, हेरोइन, स्मैक जब्त

सिंगरौली। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार संचालित राज्य स्तरीय विशेष एंटी-नारकोटिक्स अभियान के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत के निर्देशन, पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा हेमंत चौहान के मार्गदर्शन, पुलिस अधीक्षक सिंगरौली षियाज के.एम. के कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सर्वप्रिय सिन्हा के पर्यवेक्षण में जिलेभर में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सघन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में पुलिस टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं।

पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला की पहचान, नशे के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

विशेष अभियान के अंतर्गत सिंगरौली पुलिस द्वारा थाना विन्ध्यनगर, बरगवां, माड़ा, सरई, बैढ़न, मोरवा, नवानगर, गढ़वा, जियावन, लंघाडोल तथा चौकी जयंत, निगरी, निवास, गोरबी, खुटार क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई की गई।

इस दौरान 6 किलो 339 ग्राम अवैध गांजा,



4.05 ग्राम हेरोइन, 4.92 ग्राम स्मैक, 1,318 शीशी (131.8 लीटर) कोडिनयुक्त कफ सिरप एवं 52,560 नशीली टैबलेट-कैप्सूल सहित बोलेरो, मोटरसाइकिल, स्कूटी एवं अन्य सामग्री जब्त की गई। समस्त जब्त मशरूके की अनुमानित कीमत 17,70,918 है।

अभियान के दौरान थाना बरगवाँ पुलिस द्वारा मेडिकल स्टोर से जुड़े अवैध भंडारण का खुलासा करते हुए भारी मात्रा में नशीली औषधियाँ बरामद करना विशेष उपलब्धि रही। वहीं अन्य थाना क्षेत्रों में भी गांजा, स्मैक एवं हेरोइन के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।पुलिस अधीक्षक सिंगरौली षियाज के.एम. के नेतृत्व में पुलिस टीमों की सतर्कता, सघन सूचना संकलन, प्रभावी रणनीति एवं आपसी समन्वय से प्राप्त यह सफलता जिले में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सिंगरौली पुलिस की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

अगले साल तक पूरे क्षेत्र में हो पेजयल आपूर्ति

मंडला, यशभारत। आगामी ग्रीष्मकाल में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की। कलेक्टर ने पेयजल व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेयजल व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री धोटे ने निर्देशित किया कि मार्च 2027 तक जिले के सभी गांवों में शत-प्रतिशत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाए। इसके लिए प्रत्येक क्षेत्र की पेयजल संबंधी आवश्यकताओं का आकलन कर आवश्यक कार्ययोजना तैयार करें। विशेष रूप से पेयजल संकट से प्रभावित रेड जोन एवं येलो जोन की बस्तियों पर ध्यान देते हुए आगामी ग्रीष्मकाल के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जिन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्याएं हैं, वहां तत्काल निराकरण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने जल संकट की संभावित स्थिति से निपटने के लिए जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन के कार्यों को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

वनभूमि पर अवैध कब्जा, नयी बसाहट : रहवासियों में आक्रोश

मंडला, यशभारत।विकासखंड मोहगांव के ग्राम खम्हरिया, ग्राम पंचायत उमरिया के बैगा बहुल्य ग्रामीणों ने परंपरागत वन भूमि पर कथित अवैध कब्जे और नई बसाहट किए जाने के प्रयास को लेकर वन विभाग एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) घुघरी को आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन ग्राम दलदला (चुभावल) के कुछ लोगों द्वारा उनकी परंपरागत वन भूमि पर कब्जा कर नया वन ग्राम बसाने की कोशिश की जा रही है। ग्रामीणों ने इसे नियम विरुद्ध बताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

200 हेक्टेयर वन भूमि पर कब्जे का आरोप

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम खम्हरिया से लगी प्राचीन परंपरागत वन भूमि, सीमा सर्वे कंपार्टमेंट क्रमांक 1104, जिसका रकबा लगभग 200 हेक्टेयर है, ग्राम खम्हरिया, ग्राम पंचायत उमरिया की



ग्रामसभा के अधीन है। आरोप है कि करीब आठ किलोमीटर दूर स्थित वन ग्राम दलदला के लोग इस भूमि पर जबरन कब्जा कर नई बसाहट करने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त वन भूमि से उनका वर्षों पुराना परंपरागत जुड़ाव है और वे अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिए इसी जंगल पर निर्भर हैं।

वन अधिकार अधिनियम के उल्लंघन का हवाला

आवेदन में ग्रामीणों ने वन अधिकार अधिनियम 2006 की धारा 2(सी) एवं 4(1) का हवाला देते हुए कहा है कि परंपरागत रूप से वन भूमि से जुड़े और उस पर निर्भर ग्राम समुदायों के अधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती। ग्रामीणों ने प्रस्तावित कब्जे को वन अधिकारों एवं संबंधित वन संरक्षण प्रावधानों के विपरीत बताते हुए प्रशासन से मामले की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चिंता जताई है कि यदि उक्त वन भूमि पर दूसरे गांव के लोगों की बसाहट हो जाती है तो खम्हरिया, सुड़गांव, डोंगरगांव एवं उमरिया के ग्रामीणों का परंपरागत निस्तार प्रभावित होगा।

शिल्प प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम

मंडला, यशभारत।भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय एवं हस्तशिल्प सेवा केंद्र, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में जगन्नाथ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, मंडला में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन सह जागरूकता कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को गोंड चित्रकला, काष्ठ शिल्प, बांस शिल्प एवं खजूर की पत्तियों से कलात्मक वस्तुएं बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। अंतिम दिवस पर विद्यार्थियों ने स्वयं तैयार की गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई। प्राचार्य कल्पना नामदेव ने विद्यार्थियों को पारंपरिक कलाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम प्रभारी प्रवीण अग्रवाल ने हस्तशिल्प को स्वरोजगार का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। प्रशिक्षण ब्रजेश कुमार, कनक खड़से, चन्दन विश्वकर्मा एवं उमागणेश लोधी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर दशरथ सिंह कुशराम, मोहिनी कुशराम, संजय धनगर, विपिन लखेरा सहित हस्तशिल्प सेवा केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



बाजार में बढ़ी रौनक, जमकर हुई खरीददारी

इलेक्ट्रॉनिक झालरों, मिट्टी के दीयों और रंगोली से सजे बाजार, कपड़ा, बर्तन, सराफा और वाहन शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद

सिवनी यशभारत।

धनतेरस के साथ दीपावली की रौनक बाजारों में दिखाई देने लगी है। शुक्रवार को मनाए जाने वाले धनतेरस पर्व को लेकर शहर के प्रमुख बाजारों में छोटी-बड़ी दुकानें सजकर तैयार हैं। कहीं इलेक्ट्रॉनिक झालरों और आकर्षक रोशनी से दुकानें जगमगा रही हैं तो कहीं मिट्टी के दीये, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं, रंगोली, फूल-मालाएं और सजावटी सामग्री ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। कपड़ा, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, सराफा और वाहन बाजार में भी त्योहार को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। सोना-चांदी, नए बर्तन और वाहन खरीदने की परंपरा के चलते व्यापारियों को धनतेरस पर अच्छे कारोबार की उम्मीद है। बाजार में बढ़ी चहल-पहल से दीपावली का उत्सवी माहौल बनने लगा है।

धनतेरस पर खरीदारी को शुभ मानने की परंपरा के कारण सुबह से देर शाम तक बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही बनी रहने की संभावना है। सराफा दुकानों में सोने के आभूषण, चांदी के सिक्के और पूजन सामग्री उपलब्ध है। वहीं बर्तन दुकानों में स्टील, पीतल, तांबा और कांसे के बर्तनों की





आकर्षक श्रृंखला सजाई गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, मोबाइल और घरेलू उपकरणों पर ग्राहकों को लुभाने के लिए विशेष ऑफर दिए जा रहे हैं।

दीपावली की सजावट से गुलजार हुए बाजार

धनतेरस और दीपावली को देखते हुए शहर के बाजारों में सजावटी सामान की दुकानें भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। रंग-बिरंगी इलेक्ट्रॉनिक झालरें, एलईडी लाइट, आकाशदीप, बंदनवार, रंगोली के रंग और विभिन्न डिजाइन के दीपक दुकानों पर सजे हैं। मिट्टी के दीये और पारंपरिक पूजा सामग्री की बिक्री से कुम्हारों और छोटे कारोबारियों को भी इस अवसर पर रोजगार मिलने की उम्मीद है। फूल-माला, मिठाई और पूजन सामग्री बेचने वाले दुकानदारों ने भी त्योहार के अनुरूप तैयारियां की हैं। धनतेरस पर नया वाहन खरीदना भी शुभ माना जाता है। इसी मान्यता के चलते दोपहिया और चारपहिया वाहन शोरूम में भी त्योहार को लेकर तैयारियां की गई हैं। कई परिवार इस दिन वाहन की डिलीवरी लेने की योजना बनाते हैं। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फर्नीचर और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी भी अब धनतेरस का हिस्सा बन चुकी है। व्यापारियों को उम्मीद है कि पारंपरिक खरीदारी के साथ आधुनिक जरूरतों से जुड़ी वस्तुओं की मांग भी बाजार को गति देगी।

समुद्र मंथन से जुड़ी है धनतेरस की मान्यता

धार्मिक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। उन्हें आयुर्वेद और चिकित्सा का देवता माना जाता है। इसलिए धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि के साथ माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा की जाती है। व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में पूजन कर सुख-समृद्धि और कारोबार में उन्नति की कामना करते हैं। धनतेरस की शाम यमदीपदान की परंपरा भी निभाई जाती है। घर के मुख्य द्वार पर दक्षिण दिशा की ओर दीपक जलाकर परिवार के सदस्यों की दीर्घायु और सुरक्षा की कामना की जाती है।

खरीदारी के साथ सतर्कता भी जरूरी

त्योहारी बाजार में खरीदारी के दौरान ग्राहकों को गुणवत्ता और कीमत का ध्यान रखने की जरूरत है। सोने के आभूषण खरीदते समय हॉलमार्क और छह अंकों वाले एचयूआईडी की जांच, मेकिंग चार्ज की जानकारी और पक्का बिल लेना जरूरी है। इलेक्ट्रॉनिक सामान की वारंटी तथा वाहन खरीदते समय पंजीयन और बीमा संबंधी जानकारी भी स्पष्ट कर लेनी चाहिए। धनतेरस पर बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था भी महत्वपूर्ण रहेगी। प्रमुख बाजारों में वाहनों की आवाजाही बढ़ने से जाम की स्थिति बन सकती है।

चोरी की घटना के विरोध में विधायक के नेतृत्व में चौरई शहर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन



चौरई यशभारत।

अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग।

चौरई नगरवासियों की आस्था के प्रमुख केंद्र शक्तिपीठ माता मंदिर के मंगलवार-बुधवार की देर रात्रि में हुई लाखों की चोरी व बीते 2 -3 माह में नगर व आसपास लगातार हुई चोरी की वारदातों के विरोध में गुरुवार को चौरई शहर कांग्रेस के द्वारा विधायक चौधरी सुजीत सिंह के नेतृत्व में चौरई एस डी ओ पी भारती जाट एवं थाना प्रभारी मोहन मर्सकोले को एक ज्ञापन दिया गया जिसमें बताया गया कि माता मंदिर नगरवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है मंदिर में हुई चोरी की वारदात से नागरिकों की धार्मिक भावना को काफी ठेस पहुँची है चोरी की इस वारदात के साथ - साथ बीते 3 माह में हुई चोरियों का भी जल्द खुलासा करने की माँग कांग्रेसजनों द्वारा की गई है।

इसके साथ ही नगर में लगभग हर वार्ड में बिक रही अवैध शराब जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने व शहर की अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को ठीक करने की मांग भी उपस्थित कांग्रेसजनों के द्वारा की गई है। विभिन्न माँगो पर एक सप्ताह उचित कार्यवाही न होने की स्थिति में कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा आगामी समय में आंदोलन की बात भी कही गई। विधायक चौधरी सुजीत सिंह ने इस मौके पर चर्चा में बताया की माता मंदिर चोरी घटना सहित अन्य अपराधों पर नियंत्रण व जल्द कार्यवाही हेतू उनकी छिंदवाड़ा एस पी से भी चर्चा हुई है। चौरई एस डी ओ पी ने चोरी की वारदात के संबंध में जल्द ही खुलासे की बात कही।

यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर विधायक चौधरी सुजीत सिंह के साथ तीरथ सिंह ठाकुर, प्रेमेंद्र साहू, प्रशांत शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज खंडेलवाल, रामेश्वर सोनी, कन्हैयालाल चौरसिया, अमित चौरसिया, अंकित पांडे, शहीद मंसूरी, चन्द्रजीत सिंह ठाकुर, सचिन वर्मा, स्वाति श्रीवास्तव, अरविंद दाहिया, प्रीतम ठाकुर, सुबोध रघुवंशी, प्रदीप सनोडिया, आनंद पटेल, राजू वर्मा, नूतन व्हटवार, महेश जंभारे, योगेश रघुवंशी, गुरु मनोज राज, राजेश भारद्वाज, हर्षित जैन, संतकुमार वर्मा, सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

धनतेरस-दीपावली पर बदलेगी सिवनी शहर की यातायात व्यवस्था, भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

सिवनी यशभारत। धनतेरस एवं दीपावली पर्व के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ और यातायात के दबाव को देखते हुए सिवनी शहर में 6 नवंबर से 8 नवंबर तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यातायात पुलिस ने नागरिकों से निर्धारित मार्गों और पार्किंग व्यवस्था का पालन करने तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

यातायात पुलिस के अनुसार नागपुर एवं छिंदवाड़ा की ओर आने-जाने वाली बसें बस स्टैंड से लूघरवाड़ा-नगझर होते हुए बायपास मार्ग से संचालित होंगी। इस दौरान बस स्टैंड से नगरपालिका चौक होते हुए छिंदवाड़ा चौक जाने वाला मार्ग बसों के लिए पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। त्योहारी खरीदारी के चलते नगरपालिका चौक से छिंदवाड़ा चौक, नगरपालिका चौक से नेहरू रोड एवं शुक्रवारी, गणेश चौक से शुक्रवारी, ढीमरी मोहल्ला से गिरजा कुंड-बुधवारी बाजार तथा घसियारी मोहल्ला चौक से शुक्रवारी चौक तक यातायात का दबाव अधिक रहने की संभावना है। यातायात पुलिस ने इन मार्गों पर नागरिकों से चार पहिया वाहनों का उपयोग कम से कम करने की अपील की है। साथ ही इन मार्गों पर लोडिंग वाहनों का आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

सुबह 7 से रात 11 बजे तक भारी वाहनों पर रोक

6 से 8 नवंबर तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से प्रतिबंधित समय में शहर के भीतर भारी वाहन लेकर प्रवेश नहीं करने की अपील की है। बाजार क्षेत्र में आने वाले दोपहिया वाहन चालकों के लिए नगर पालिका सिवनी के पीछे स्थित पार्किंग स्थल तथा उर्दू स्कूल ग्राउंड में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वाहन चालक अपने दोपहिया वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर खड़े कर बाजार क्षेत्र में प्रवेश करें। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि त्योहारी पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें, निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करें और यातायात पुलिस द्वारा जारी किए गए मार्ग एवं प्रतिबंधों का पालन करें।



कलेक्टर से भारतीय किसान संघ की सौजन्य भेंट

सिवनी यशभारत। गत दिवस भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर श्रीमती अंजु अरुण कुमार से शिष्टाचार भेंट की। भारतीय किसान संघ के जिला डा.अध्यक्ष ज्वाला सिंह बघेल मंत्री महतलाल बिसेन, भारतीय किसान संघ तहसील केवलारी अध्यक्ष शिव प्रसाद ठाकुर, भारतीय किसान संघ उगली मंडल अध्यक्ष लोमी सिंह ठाकुर, मंत्री राजदीप राहंगडाले उगली, भारतीय किसान संघ मोहबर्रा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह परिहार एवं सदस्य चैन लाल ठाकुर द्वारा नवागत कलेक्टर का फूलगुलदस्ता दे कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात किसानो की ज्वलंत समस्याओं को ले कर ज्ञापन दिया गया एवं क्षेत्रीय समस्याओं के बिंदु किसानों का राजस्व रिकॉर्ड में आई त्रुटियों का निराकरण कराए जाने बाबत,किसानों के धान का पंजीयन की तिथि में वृद्धि किए जाने बाबत, गिरते जल स्तर के उपर गंभीर ऐक्शन और पानी के दुरुपयोग के साथ पानी की बचत, उगली में प्रस्तावित धान उपार्जन मंडी स्थल आनंद नगर में हो। किसानों को बिजली, खाद की समस्या पर गंभीर चर्चा की जिस पर कलेक्टर ने निराकरण का आश्वासन दिया।



शिवसेना ने मंडल प्रमुखों एवं पदाधिकारियों की नियुक्ति की

सिवनी यशभारत। शिवसेना प्रदेश प्रभारी सुरेश गुर्जर के दिशा-निर्देश, प्रदेश प्रमुख राजीव चतुर्वेदी के निर्देश, संभाग प्रमुख शुभम बघेल के मार्गदर्शन एवं जिला संगठन प्रमुख रंजीत रानू साहू की सहमति से सिवनी जिले में विभिन्न मंडलों एवं संगठनात्मक दायित्वों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार अमन सोनी को धनौरा मंडल प्रमुख, रंजीत पारधी को मुण्डारा मंडल प्रमुख, भुवनेश्वर भानू रघुवंशी को बादलपार मंडल प्रमुख, ऋत्विक पटले को गंगेरूआ मंडल युवा सेना प्रमुख, शरद सूर्यवंशी को लखनवाड़ा मंडल प्रमुख तथा सुनील कुमार राहंगडाले को धारना मंडल प्रमुख नियुक्त किया गया है।

वहीं रजनीश बघेल को जिला सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।संगठन की ओर से नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे समाजहित में सक्रियता से कार्य करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में शिवसेना संगठन को मजबूत करेंगे तथा शीघ्र ही मंडल का विस्तार एवं गठन करेंगे। शिवसेना ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन एवं समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की है।

नियुक्त पदाधिकारी इस प्रकार हैं—

अमन सोनी — धनौरा मंडल प्रमुख, मजगमा
रंजीत पारधी — मुण्डारा मंडल प्रमुख, बरझीर
भुवनेश्वर भानू रघुवंशी — बादलपार मंडल प्रमुख, डिंगरिया
ऋत्विक पटले — गंगेरूआ मंडल युवा सेना प्रमुख, नंदौरा
शरद सूर्यवंशी — लखनवाड़ा मंडल प्रमुख, नंदौरा
सुनील कुमार राहंगडाले — धारना मंडल प्रमुख, मउ
रजनीश बघेल — जिला सोशल मीडिया प्रभारी, सारसडोल



युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष का छपारा में हुआ भव्य स्वागत

सिवनी यशभारत। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष योगेश शिवहरे के प्रथम नगर आगमन पर छपारा में भव्य स्वागत किया गया। बस स्टैंड प्रांगण में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भाजपा मंडल के नेतृत्व में सैकड़ों युवा मोर्चा एवं मंडल छपारा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, बाजे-गाजे के साथ पुष्पहार से उनका भव्य स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम के बाद मंच पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित तंतुवाय एंव मंडल महामंत्री संयम जैन द्वारा भगवान महाकाल का छायाचित्र भेंट स्वरूप प्रदान किया। तत्पश्चात मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह द्वारा शाल, श्रीफल से स्वागत किया गया, साथ ही तलवार भेंट की गई। दोपहर करीब 3 बजे बस स्टैंड प्रांगण में पहुंचे नव नियुक्त जिलाध्यक्ष योगेश शिवहरे के साथ बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर जयदीप सिंह चौहान, मध्य प्रदेश खेल प्रकोष्ठ सहसंयोजक मंडल अध्यक्ष ठाकुर अर्जुन सिंह, राजेश जैन, सोहन कश्यप, सुनील गोयल, ठाकुर धर्मेंद्र सिंह, श्रीमती निशा पटेल, पंडित राघवेंद्र पाठक, शिवकांत सिंह, धर्मेंद्र जैन, सुरेश पटेल, अनिल सोनी, शुभम राजपूत, सौरभ सिसोदिया, विजय साहू, अंकित तंतुवाय, संयम जैन, सार्थक अग्रवाल, सिद्धार्थ ठाकुर, रोहित अग्रवाल, आलोक वरमन, स्वास्तिक, हर्षित साहू, घनश्याम कौशले, विनोद यादव, योगेश राजपूत, तनु जैन, नूर मोहम्मद, गौरव चौरसिया, नवनीत सिसोदिया, ईशु भारद्वाज, बंटी साहू, पिंटू यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई अपनी प्रतिभा का कौशल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की संचार प्रसार

सिवनी यशभारत। नई दिल्ली तथा साइंस सेंटर भोपाल के मार्गदर्शन द्वारा प्रतिवर्ष प्रदेश के बाल वैज्ञानिकों ने वैज्ञानिक प्रतिभा करने के लिए राष्ट्रीय बाल विज्ञान सम्मेलन का आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में सिवनी जिले के नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय माध्यमिक विद्यालय सिवनी में राष्ट्रीय बाल विज्ञान सम्मेलन जिला स्तरीय 32वां आयोजन संपन्न हुआ इस आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में विपनेश जैन प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल भोगाखेड़ा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में श्रीमती वर्षा सनोदिया वरिष्ठ अध्यापक शासकीय पीएम श्री मठ कन्या विद्यालय सिवनी ज्ञान लाल साहू वरिष्ठ अध्यापक भौतिक शास्त्र शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई उच्च माध्यमिक विद्यालय आकिला खान वरिष्ठ अध्यापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस शास. उच्च माध्यमिक विद्यालय राहुल सूर्यवंशी, संदीपनी विद्यालय छपरा श्रीमती



नफीस फातिमा वरिष्ठ अध्यापक जीव विज्ञान नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय एवं जिला समन्वयक विजय शुक्ला द्वारा किया गया इस प्रतियोगिता में जिला स्तर पर लगभग 168 कार्य योजनाएं का पंजीयन किया गया जिसमें से प्रत्येक विद्यालय से लगभग 65 योजनाएं जिला स्तर पर प्रस्तुत की गई जिसमें 10 से 14 वर्ष जूनियर वर्ग तथा 14 से 17 वर्ष सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता के अंतर्गत बाल वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया इस प्रतियोगिता में बाल वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न प्रकार के नए आइडिया प्रस्तुत कर अपने कार्य योजनाएं प्रस्तुत की गई जिसमें पीएमसी मठ कन्या विद्यालय एवं सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय की छात्रा फूलों का चक्रण करके उसे आय का साधन प्राप्त करना नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय से सक्षम बघेल एवं अदनान कुरैशी वेस्ट मटेरियल से विभिन्न प्रकार की सामग्रियां तैयार करना विद्यालय की विद्युत में बचत करके विद्यालय को आर्थिक लाभ पहुंचाना आदि प्रमुख कार्य योजनाएं थी इस प्रतियोगिता में आकर्षण के केंद्र नन्हे बाल वैज्ञानिक उदय पब्लिक स्कूल सिवनी शासकीय मा ला ब उच्च माध्यमिक विद्यालय सिवनी नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय सिवनी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी पीएम श्री विद्यालय सुकतरा न्यू माध्यमिक शाला शिवानी पीएम श्री विद्यालय सिवनी माध्यमिक शाला भालीवाडा कुंरई पीएम श्री विद्यालय छपरा पीएम श्री विद्यालय शासकीय मठ कन्या विद्यालय सिवनी जैसे लगभग 32 विद्यालयों द्वारा अपनी कार्य योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया

सेंट्रल बैंक कान्हीवाड़ा में कैश संकट, खाताधारक परेशान

सिवनी यशभारत। त्योहारों के सीजन में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा कान्हीवाड़ा में कैश न होने से खाताधारकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दीपावली नजदीक है और लोग अपनी जमा पूंजी निकालने बैंक पहुंच रहे हैं, लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा कैश नहीं है और सर्वर डाउन का हवाला देकर उन्हें खाली हाथ लौटा दिया जा रहा है। खाताधारकों का आरोप है कि केवाईसी, डीबीटी और आधार लिंक जैसे छोटे कामों के लिए भी बैंक कर्मचारी 4 से 5 बार चक्कर कटवा रहे हैं। कर्मचारी डॉक्यूमेंट तो ले लेते हैं, लेकिन काम को तब तक पेंडिंग में डाल देते हैं जब तक खाताधारक कई बार बैंक के चक्कर न लगा ले।

बरघाट में तैराकी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शन का हुआ आयोजन





सिवनी यशभारत। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मां शक्ति संस्थान पखारा, सेक्टर क्र. 4 एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति बरघाट, विकासखंड बरघाट, जिला सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में बेर तालाब, नगर परिषद बरघाट में तैराकी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बरघाट विधायक कमल मर्सकोले उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगर परिषद बरघाट अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू, पवार समाज अध्यक्ष हरकचंद टेमरे, सांसद प्रतिनिधि श्रीमती गोमती ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि, तुमेश बापचे, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती ममता अनिल पाठक एवं जनपद पंचायत बरघाट के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बघेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी ने की।

इस अवसर पर पंचायत इंस्पेक्टर केवल सिंह परते एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती शोभना ठाकरे, धनेंद्र कुमार साहू (सेवानिवृत्त असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर सशस्त्र सीमा बल) की भी विशेष उपस्थिति रही।

इस अवसर पर नरेश सिंह राजपूत,उमंग फाउंडेशन बरघाट के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर, कोमल राहंगडाले, वेंकटराव बिसेन, मनीराम पटले, आसाराम ठाकुर, शेरू सूर्यवंशी, अनिल सदाफल, बृजेश ठाकुर (सचिव), जय टेमरे, विभोर राहंगडाले, सीताराम राहंगडाले, दयाल पारधी, शंभू भैरम, शंकर लाल यादव श्रीमती रुचि राहंगडाले एवं मानेश्वर बिसेन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में मां शक्ति संस्थान के अध्यक्ष एवं जल योगाचार्य श्री भारत लाल देशमुख ने सभी अतिथियों, सहयोगियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

चार आयु वर्गों में हुई प्रतियोगिता

प्रतियोगिता को चार आयु वर्गों में विभाजित किया गया था। सभी वर्गों में फ्री स्टाइल की 50 मीटर तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रथम वर्ग (5 से 10 वर्ष)
प्रथम स्थान- काव्य पटले
द्वितीय स्थान -भौतिक ठाकुर
तृतीय स्थान - लय ठाकुर
द्वितीय वर्ग (10 से 15 वर्ष)
प्रथम स्थान - अभिनव गेडाम
द्वितीय स्थान -शरद यादव
तृतीय स्थान - अक्षत ठाकुर
तृतीय वर्ग (15 से 20 वर्ष)
प्रथम स्थान - उत्कर्ष चौधरी
द्वितीय स्थान -डेविड ठाकुर
तृतीय स्थान -प्रकाश शरणागत
चतुर्थ वर्ग (20 से 30 वर्ष)
प्रथम स्थान -अंकित शरणागत
द्वितीय स्थान -अभिषेक शरणागत
तृतीय स्थान -अंश उपाध्याय

जल योगाचार्य भारतलाल ने समझाया तैराकी का महत्व

मां शक्ति संस्थान के अध्यक्ष एवं जल योगाचार्य भारत लाल देशमुख ने तैराकी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तैराकी सिखाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि पानी में डूबने से किसी व्यक्ति की मृत्यु न हो तथा प्रत्येक व्यक्ति का शरीर स्वस्थ एवं निरोगी रहे। उन्होंने कहा कि तैराकी एक महत्वपूर्ण जीवन कौशल है, जो विपरीत परिस्थितियों में किसी की जान बचाने में सहायक हो सकता है। इस अवसर पर विशेष सहयोगी मंडल अध्यक्ष एवं नगर परिषद बरघाट के सभापति हेमंत राहंगडाले ने आश्वस्त किया कि तैराकी प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण के लिए भविष्य में भी आवश्यक सहयोग प्रदान करते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने इस तरह का अनूठा कार्यक्रम कहीं नहीं देखा। उन्होंने स्वयं भी तैराकी जानने की बात कहते हुए भविष्य में कार्यक्रम में सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की। प्रदर्शन में भारत लाल देशमुख, रामप्रसाद भैरम, चंद्रहास ठाकुर, रानू ठाकुर, श्री महेंद्र भैरम, टीकाराम चावके, नरेंद्र गेडाम एवं श्री भाया यादव ने सहभागिता की। अंत में सभी विजेता एवं प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम संचालन संदीप मिश्रा एवं नरेंद्र गेडाम ने किया।

अवैध शराब एवं ड्रग्स के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने तथा नशे के कारोबार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के दिए निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने ली अपराध समीक्षा बैठक, अपराध नियंत्रण को लेकर दिए सख्त निर्देश

सिवनी यशभारत। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) ने गुरुवार को कंट्रोल रूम सिवनी में जिले की अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था एवं लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में नशा मुक्ति अभियान के तहत एनडीपीएस एक्ट, अवैध शराब एवं ड्रग्स के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने तथा नशे के कारोबार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश दिए गए। माइनर अपराधों एवं



प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में तेजी लाने के साथ अवैध गौवंश परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए अवैध पटाखा भंडारण, कार्बाइड गन एवं कार्बाइड लैंप के उपयोग पर वैधानिक कार्रवाई करने तथा केवल लाइसेंसी पटाखा दुकानों का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। लंबित समंस, गिरफ्तारी वारंट एवं स्थायी वारंटों की अधिक से अधिक तामिली के लिए कॉम्बिंग गश्त बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने गुम बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी के लिए अलग-अलग टीम गठित कर अन्य जिलों में भी तलाश एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राहवीर योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने तथा पात्र प्रकरण तैयार कर शीघ्र सहायता राशि दिलाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में लंबित अपराध, चालान, मर्ग एवं गुम इंसान के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा बिना कारण किसी भी प्रकरण को लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए गए। डायल-112 के रिस्पांस टाइम में सुधार लाने, साइबर फ्रॉड संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने तथा बाहरी जिलों के अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए शीघ्र टीम रवाना करने के निर्देश भी दिए गए।

आगामी त्योहारों के मद्देनजर सभी थाना प्रभारी एवं एसडीओपी को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर कानून-व्यवस्था का जायजा लेने तथा आवश्यक पुलिस बंदोबस्त सुनिश्चित करने को कहा गया। किसानों को पराली नहीं जलाने की समझाइश देने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

समय में करें निराकरण

वरिष्ठ कार्यालय एवं आम जनता से प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करने के साथ ही थाना क्षेत्रों में जुआ-सट्टे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा इस संबंध में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीओपी सिवनी, घंसौर, लखनादौन, केवलारी एवं बरघाट, सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

संपादकीय

रोनाल्डो का संन्यासः एक युग का अवसान, नई पीढ़ी के लिए विरासत



विश्व फुटबॉल में कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं, जो केवल अपने खेल से पहचान नहीं बनाते, बल्कि पूरी पीढ़ी की प्रेरणा बन जाते हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो उन्हीं खिलाड़ियों में से एक हैं। पुर्तगाल की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम से उनके संन्यास की घोषणा महज एक खिलाड़ी के अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत नहीं, बल्कि फुटबॉल के एक स्वर्णिम अध्याय का समापन है। 23 वर्षों तक देश की जर्सी पहनकर मैदान में उतरने वाले रोनाल्डो ने अपनी प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन और जीतने की जिद से दुनिया भर में करोड़ों प्रशंसक बनाए।

रोनाल्डो की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने सफलता को कभी अपनी मंजिल नहीं माना। उम्र बढ़ने के साथ उन्होंने अपने खेल को नए सिरे से ढाला और लगातार खुद को बेहतर साबित किया। उनके नाम अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल और सर्वाधिक मैच खेलने जैसे रिकॉर्ड दर्ज हैं। 2016 में पुर्तगाल को यूरोपीय चैंपियन बनाना उनके करियर की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल है। इसके बावजूद विश्व कप का खिताब उनके हिस्से में नहीं आया। यह अधूरापन उनके शानदार करियर के साथ हमेशा चर्चा में रहेगा।रोनाल्डो की यात्रा का सबसे प्रेरक पक्ष उनका संघर्ष है। सीमित संसाधनों वाले परिवार से निकलकर दुनिया के सबसे लोकप्रिय फुटबॉलरों में शामिल होने तक का सफर आसान नहीं था। उन्होंने अपनी फिटनेस, अभ्यास और आत्मविश्वास को अपनी ताकत बनाया। यही कारण है कि वह केवल गोल करने वाले स्ट्राइकर नहीं, बल्कि मेहनत और आत्मअनुशासन का उदाहरण भी बने। उनकी लोकप्रियता खेल के मैदान की सीमाओं से निकलकर वैश्विक संस्कृति का हिस्सा बन चुकी है।

किसी भी महान खिलाड़ी के लिए संन्यास का फैसला भावनात्मक होता है। लेकिन खेल की खूबसूरती यही है कि एक पीढ़ी के जाने के साथ दूसरी पीढ़ी के लिए रास्ते खुलते हैं। पुर्तगाल के सामने अब रोनाल्डो के बाद नेतृत्व और प्रदर्शन की नई जिम्मेदारी होगी। युवा खिलाड़ियों को उनकी जगह लेने की नहीं, बल्कि उनकी मेहनत, समर्पण और देश के प्रति प्रतिबद्धता से सीखने की जरूरत है।

रोनाल्डो की विरासत केवल आंकड़ों और पदकों में नहीं मापी जाएगी। उन्होंने यह साबित किया कि प्रतिभा को निरंतर मेहनत से असाधारण बनाया जा सकता है। उनका अंतरराष्ट्रीय सफर समाप्त हो रहा है, लेकिन फुटबॉल के इतिहास में उनका नाम लंबे समय तक जीवित रहेगा। मैदान पर उनकी अनुपस्थिति जरूर खलेगी, लेकिन उनकी कहानी आने वाली पीढ़ियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देती रहेगी।

कड़वे वचन



तू बात बात में मुहुर्त मुहुर्त की बात करता है ? अरे ये मुहूर्त मुहूर्त क्या होता है ? जो काम जिस वक्त कर लो वही मुहूर्त है । रामचंद के राज्याभिषेक का बढ़िया मुहूर्त निकाला गया था पर अगले दिन क्या हुआ ? सब मुहूर्त धरा का धरा रह गया । आपको पता है न जन्म का कोई मुहूर्त नहीं होता है और न मृत्यु का कोई मुहूर्त होता है फिर ये बीच के जीवन में मुहूर्त का चक्कर क्यों ?

आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास

पंचांगः-7 नवम्बर, 2026
दिन-शनिवार, अश्विन शुक्ल 10
विक्रम संवत 2083

मेष
बातचीत करते समय अभद्र भाषा का प्रयोग न करें। इससे संबंध खराब हो सकते हैं।

वृष
व्यवसायिक गतिविधियां मध्यम रहेंगी। ये समय धैर्य और शांति से व्यतीत करने का है।

मिथुन
दिन उत्साह भर रहेगा आपकी योजना से सभी कार्य सुचारू रूप से होते जाएंगे

कर्क
अपनी महत्वपूर्ण बात सार्वजनिक न करें। अजनबियों से सावधान रहे

सिंह
आयुर्वेदिक चीजों का इस्तेमाल करें। स्वास्थ्य के लिए ठीक रहेगा उत्तम दिनचर्या रखें।

कन्या
सकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से मेलजोल बढ़ेगा जो आपके लिए फायदेमंद ही साबित होंगे।

तुला
साझेदारी संबंधी व्यवसाय में पारदर्शिता रखें। नौकरी पेशा लोगों को कोई अथॉरिटी मिल सकती है।

वृश्चिक
घर के वातावरण को सुखी बनाए रखने की कोशिश करें खांसी, जुकाम आदि से बचे

धनु
रुपए-पैसे संबंधी लेनदेन को लेकर किसी से वाद-विवाद होने की आशंका है

मकर
व्यवसाय में किसी नए कार्य की शुरुआत हो सकती है दिन खुशनुमा होगा

कुंभ
धार्मिक स्थल पर समय व्यतीत करने से सुकून मिलेगा। कोई भूमि संबंधी खरीद-फरोख्त का कार्य हो सकता है।

मीन
घर में किसी संबंधी के आगमन से आपके महत्वपूर्ण कार्य रुक सकते हैं। धैर्य से कार्य करें

गांव के करीब दिखी बाघिन के साथ तीन शावक

वन विभाग हुआ एक्टिव



उमरिया, यश भारत। बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व अंतर्गत परिक्षेत्र मानपुर के ग्राम लखनौटी में शुक्रवार की सुबह बाघिन और उसके तीन शावकों की मौजूदगी ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी।मानपुर से महज 08 से 10 किमी दूर ग्राम लखनौटी गांव से लगे रिहायशी इलाके में बाघिन अपने शावकों के साथ विचरण करती दिखाई दी,जिसके बाद पूरे क्षेत्र में सुबह से ही दहशत का माहौल है।बताया जाता है कि सुबह कुछ ग्रामीण निस्तार के लिए गांव से लगे मछली तालाब की ओर गए थे,तभी अचानक उनकी नजर बाघिन और उसके तीन शावकों पर पड़ी।बाघिन के इस कुनबे की इंसानी आबादी के इतने करीब मौजूदगी से ग्रामीणों में भय व्याप्त है।खबर है कि बाघिन और उसके शावकों की गतिविधियां स्थानीय निवासी दशरथ बैगा,बालकदास और रामबल सिंह के घरों के बिल्कुल करीब देखी गई हैं।ऐसे में ग्रामीणों को अपने परिवार और मवेशियों की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है,हालांकि फिलहाल बाघिन किसी मवेशी का शिकार नही की है।घटना की सूचना मिलते ही बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व का वन अमला मौके पर पहुंचा और बाघिन व शावकों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए मूवमेंट की जांच शुरू कर दी।फिलहाल पार्क प्रबंधन स्थिति पर निगरानी बनाए हुए है।ग्रामीणों का कहना है कि आबादी के इतने करीब बाघिन और शावकों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग को लगातार निगरानी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए,ताकि किसी अनहोनी से पहले जरूरी कदम उठाए जा

महरोई तिराहे के पास सड़क हादसा, घायल युवक की कटनी में उपचार के दौरान मौत; परिवार में पसरा मातम



उमरिया, यश भारत। जिले के मानपुर विकासखंड अंतर्गत महरोई तिराहे के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक उमेश कोल (26 वर्ष) की कटनी में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उमेश कोल पिता रामअवतार कोल, निवासी रणविजय नगर चिल्हारी, दोपहिया वाहन से जाते समय महरोई तिराहे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोटें आई थीं। घटना की सूचना मिलते ही अमरपुर पुलिस मौके पर पहुंची थी। एसआई पुष्पराज सिंह एवं प्रधान आरक्षक गौरव तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर पहुंचाया। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें आगे उपचार के लिए कटनी ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।फिलहाल दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा नहीं हो सका है। अमरपुर पुलिस घटनास्थल की जांच कर रही है तथा हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत कार्यशाला हुआ संपन्न



उमरिया, यश भारत। जिले के पाली स्थिति नव माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर पाली में सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम अंतर्गत जे एस डब्यू सीमेंट संस्था के सहयोग से पाठ्यक्रम पुस्तकों के वितरण एवं शिक्षक अनुभव साझा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को सक्षम कार्यक्रम की पाठ्यक्रम पुस्तकों का वितरण करना, जीवन कौशल सत्रों के प्रभावी संचालन को प्रोत्साहित करना तथा विद्यालयों में कार्यक्रम के क्रियान्वयन के दौरान प्राप्त अनुभवों एवं नवाचारों को साझा करना है। इस अवसर पर सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डा पूजा द्विवेदी ने कहा कि यह कार्यशाला शिक्षको के लिए उपयोगी होगी जिसके माध्यम से शिक्षक विद्यार्थियों में स्वच्छता, समय पर गृहकार्य करने एवं नियमित विद्यालय आने जैसी आदतों के विकास सहित अन्य व्यवस्थाओ से अवगत हो सकेगे। उन्होंने कहा कि सक्षम कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना एक सराहनीय पहल है। सक्षम कार्यक्रम के पाठ्यक्रम में गुड टच, बैड टच , पॉक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है, जिससे बच्चे बाल सुरक्षा, संरक्षण एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रहे हैं। गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को इन विषयों की जानकारी सरल एवं प्रभावी तरीके से प्रदान की जा रही है। कार्यशाला के दौरान सहायक आयुक्त ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई 'मेरी सीख' कॉपियों का अवलोकन किया तथा विद्यालयों में कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंडल संयोजक संजय पाण्डेय को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यशाला में शिक्षकों ने अपने अनुभवों एवं नवाचारों को साझा करते हुए सक्षम कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं जीवन कौशल संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में प्राचार्य महेंद्र मिश्रा, नागू लाल हाड़ा, संजय गौतम, आशीष गुप्ता, संदीप शुक्ला एवं जेएसडब्ल्यू सीमेंट संस्था के संतोष राजपूत

आदित्य सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में पत्रकार वार्ता का हुआ आयोजन

कॉर्डियोलॉजी और न्यूरोसर्जरी सेवाएं शुरू, पत्रकारों के हितार्थ भी की गई घोषणा



शहडोल, यश भारत। संभागीय मुख्यालय में संचालित आदित्य सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में पत्रकार वार्ता का आयोजन हुआ, जहां अस्पताल संचालक डॉक्टर आदित्य द्विवेदी ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत कॉर्डियोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी की सेवाएं प्रारंभ किए जाने की जानकारी दी। इस पहल से शहडोल, उमरिया, अनूपपुर सहित आसपास के जिलों के मरीजों को हृदय, मस्तिष्क और रीढ़ से जुड़ी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए महानगरों का रुख करने की मजबूरी कम होने की उम्मीद जताई गई है। अब तक हार्ट अटैक, हृदय की नसों में ब्लॉकेज, पेसमेकर, ब्रेन हेमरेज, ब्रेन स्ट्रोक और गंभीर सिर की चोट जैसे मामलों में मरीजों को जबलपुर, नागपुर, भोपाल और रायपुर जैसे शहरों में रेफर करना पड़ता था। इससे मरीजों को समय पर उपचार मिलने में परेशानी के साथ परिवारों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता था। स्थानीय स्तर पर सुपरस्पेशलिटी सेवाओं के विस्तार से क्षेत्र के मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यहां अत्याधुनिक कैथ लैब के माध्यम से हृदय रोगों की जांच एवं उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफी, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी और पेसमेकर प्रत्यारोपण जैसी प्रक्रियाएं शामिल हैं। आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए सेवाओं को 24 घंटे संचालित रखने की व्यवस्था बताई गई है। न्यूरोसर्जरी विभाग में ब्रेन हेमरेज, सिर की गंभीर चोट, ब्रेन ट्यूमर, स्लिप डिस्क, रीढ़ की हड्डी की चोट और नसों से जुड़ी जटिल समस्याओं के उपचार एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही गई है। आधुनिक न्यूरो ऑपरेशन थिएटर और आईसीयू की व्यवस्था के माध्यम से गंभीर मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार मिल सकेगा। आयुष्मान भारत योजना के पात्र हितग्राहियों को शासन द्वारा निर्धारित पैकेज और स्वीकृति के अनुसार कैशलेस उपचार का लाभ मिल सकेगा। योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच मिलता है। हालांकि संबंधित बीमारी, अस्पताल की संबद्धता और स्वीकृत पैकेज के अनुसार ही उपचार का लाभ देय होगा। इस पहल के साथ अस्पताल प्रबंधन ने पत्रकारों के लिए भी विशेष सुविधा की घोषणा की है। प्रबंधन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार पत्रकारों को इकोकार्डियोग्राफी एवं ईसीजी की जांच निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं पत्रकारों के परिवारजनों को जांच में 50 प्रतिशत की विशेष छूट देने की बात कही गई है।

बालाघाट

गणेशपुर में खेत बचाओ अभियान आयोजित

किसानों को रबी फसलों और पराली प्रबंधन की दी जानकारी, इफको ने बांटा बायो डीकंपोजर



बालाघाट, यश भारत। किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोड़ने तथा फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम गणेशपुर में खेत बचाओ अभियान एवं इफको प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को रबी सीजन में बोई जाने वाली विभिन्न फसलों, पराली प्रबंधन और आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान किसानों को बताया गया कि धान की कटाई के बाद खेतों में बची पराली को जलाने के बजाय इफको के बायो डीकंपोजर का उपयोग कर उसे खेत में ही सड़ाया एवं गलाया जा सकता है। इससे फसल अवशेषों का बेहतर प्रबंधन होने के साथ मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में भी मदद मिलती है। इफको की ओर से किसानों को पराली प्रबंधन के लिए बायो डीकंपोजर का वितरण भी किया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. आर.के. ठाकुर एवं डॉ. उत्तम बिसेन ने किसानों को रबी मौसम में चना, गेहूं, मसूर, अलसी सहित अन्य फसलों की उन्नत खेती के संबंध में जानकारी दी। साथ ही कृषि विभाग में उपलब्ध विभिन्न फसलों के बीजों की जानकारी देते हुए किसानों को समय पर बुवाई, उचित फसल चयन एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को पराली नहीं जलाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, धान की सीधी बुवाई (डीएसआर पद्धति), मृदा परीक्षण कार्ड के अनुसार खेती करने तथा उर्वरकों का संतुलित मात्रा में उपयोग करने की सलाह दी गई। इसके अलावा स्टेप सीडर एवं सुपर सीडर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों की उपयोगिता बताते हुए इनके माध्यम से खेती की लागत कम करने और कृषि कार्यों को अधिक सुविधाजनक बनाने की जानकारी दी गई। कृषि अधिकारियों ने कहा कि फसल अवशेषों को जलाने से मिट्टी को नुकसान पहुंचता है और पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। इसलिए किसानों को पराली का उचित प्रबंधन करते हुए उसे खेतों में ही उपयोग करने की दिशा में आगे आना चाहिए। आधुनिक तकनीकों एवं वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर किसान खेती को अधिक लाभकारी बना सकते हैं। कार्यक्रम में ग्राम गणेशपुर के सरपंच श्री हेमंत कटरे, कृषि वैज्ञानिक डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. आर.के. ठाकुर, डॉ. उत्तम बिसेन, पीडी आत्मा डॉ. रामनाथ पटेल, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती शीतल शुक्ला, श्री अंकित शरणागत, श्रीमती रिचा बिंद्रा, इफको अधिकारी श्री वैदिक अगाल एवं श्री रत्नेश शुक्ला, प्रगतिशील किसान श्री एस.एल. कटरे सहित बड़ी संख्या में

मदनपुर बना स्वामित्व योजना की शत-प्रतिशत रजिस्ट्री का उदाहरण

सभी 146 हितग्राहियों को मिला भूमि का मालिकाना हक



धनतेरस पर सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री एवं कलेक्टर ने हितग्राहियों का किया सम्मान, पटवारी प्रियंका शुक्ला को भी सराहा

बालाघाट, यश भारत। दीपावली और धनतेरस के पावन अवसर पर वारासिवनी तहसील के ग्राम मदनपुर के 146 परिवारों को ऐसा उपहार मिला, जो उनके लिए लंबे समय तक महत्वपूर्ण साबित होगा। प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के अंतर्गत गांव के सभी 146 आबादी भूमि पट्टाधारकों की रजिस्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर उन्हें भूमि का कानूनी मालिकाना हक प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि के साथ मदनपुर ने स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की एक मिसाल पेश की है। धनतेरस के अवसर पर ग्राम मदनपुर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक श्री विवेक विक्की पटेल, पूर्व मंत्री श्री प्रदीप जायसवाल एवं कलेक्टर श्री आदित्य सिंह की उपस्थिति में आबादी भूमि की रजिस्ट्री प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सभी 146 पट्टाधारकों की रजिस्ट्री पूर्ण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली ग्राम की पटवारी सुश्री प्रियंका शुक्ला का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्लॉट नंबर 48 के भू-धारक श्री सुभाष रोकड़े की रजिस्ट्री रही, जिन्हें ग्राम मदनपुर की अंतिम रजिस्ट्री के रूप में भूमि का मालिकाना हक प्रदान किया गया। खास बात यह रही कि यह रजिस्ट्री महज एक मिनट में पूरी कर ली गई। इसके साथ ही गांव के सभी 146 आबादी भूमि पट्टाधारकों की रजिस्ट्री का लक्ष्य पूरा हो गया।

धनतेरस पर मिला जमीन के मालिकाना हक का उपहार

सांसद श्रीमती भारती पारधी ने ग्रामीणों को दीपावली एवं धनतेरस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धनतेरस के शुभ दिन ग्रामीणों को उनकी आबादी भूमि का मालिकाना हक मिलना किसी बड़े उपहार से कम नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप स्वामित्व योजना शुरू की गई है, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को उनकी आबादी भूमि का कानूनी अधिकार मिल रहा है। शासन द्वारा निःशुल्क रजिस्ट्री कराकर हितग्राहियों को भूमि स्वामी होने के दस्तावेज प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मदनपुर में अंतिम रजिस्ट्री महज एक मिनट में पूरी होना डिजिटल इंडिया की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करता है। आज गांवों में भी किराना व्यापारी से लेकर सब्जी विक्रेता तक क्यूआर कोड के माध्यम से लेन-देन कर रहे हैं। यह बदलते भारत की तस्वीर है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र भी तेजी से डिजिटल व्यवस्था से जुड़ रहे हैं।

स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिलेगा सीधा लाभ

विधायक श्री विवेक विक्की पटेल ने कहा कि स्वामित्व योजना प्रदेश शासन की एक सराहनीय पहल है। इससे आबादी भूमि पर वर्षों से निवास कर रहे पट्टाधारकों को उनकी भूमि का कानूनी मालिकाना हक मिल रहा है। राजस्व विभाग के अमले ने कम समय में सभी हितग्राहियों की रजिस्ट्री पूर्ण कर सराहनीय

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव आयोजित

विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिताओं में दिखाया उत्साह



बालाघाट, यश भारत। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में 6 नवंबर 2026 को वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री विवेक कुमार, माइंस मैनेजर, मॉयल भरवेली एवं विशेष अतिथि श्री गौरव प्रताप सिंह, पूर्व छात्र एवं यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया रैंक 317 प्राप्तकर्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के खेल ध्वज फहराने के साथ हुई। प्राचार्य श्री अरुण कुमार तुमसरे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वागत उद्बोधन दिया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद एनसीसी, स्काउट एवं विद्यालय के शिवाजी, टैगोर, अशोक और रमन सदनों के विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। खेल शिक्षक श्री अर्जुन कुमार आर्य ने वार्षिक खेल प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अतिथियों ने मशाल प्रज्वलित कर एवं रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़कर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। महोत्सव के दौरान 100 मीटर दौड़, रिले रेस, टग ऑफ वार, बोरा दौड़ और बाधा दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अमर सिंह, डिप्टी कमांडेंट, 123वीं बटालियन सीआरपीएफ भरवेली तथा विशेष अतिथि श्रीमती फिरोजा खान, मानवाधिकार आयोग कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं यूनेस्को सदस्य उपस्थित रहीं। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी नियमित रूप से भाग लेना चाहिए। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों एवं वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा

धनतेरस से दीपोत्सव का शंखनाद कुबेर और धनवंतरि की होगी आराधना

सजे बाजार, जगमगाए शोरूम , छह दिन तक चलेगा दीपोत्सव

जबलपुर,यश भारत।

इस बार दीपोत्सव पांच नहीं, बल्कि छह दिनों तक मनाया जाएगा। दो अमावस्या पड़ने के कारण पर्व की अवधि बढ़ गई है। शुक्रवार 6 नवंबर को धनतेरस के साथ दीपोत्सव का शुभारंभ हुआ। पर्व को लेकर शहर के बाजार सजकर तैयार हैं। सराफा बाजार से लेकर बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े और वाहन शोरूम तक आकर्षक सजावट की गई है। धनतेरस पर शुभ खरीदारी के लिए बाजारों में दिनभर चहल-पहल रहने की उम्मीद है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी को धनतेरस का पर्व मनाया जाता है। इस दिन भगवान धनवंतरि, धन के देवता कुबेर और यमराज की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान भगवान धनवंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसी





वजह से इस दिन नए बर्तन खरीदने की परंपरा चली आ रही है। लोग नए बर्तनों में पकवान रखकर भगवान धनवंतरि को भोग अर्पित करते हैं।

सोना-चांदी और बर्तनों की खरीदारी का विशेष महत्व

धनतेरस पर सोना, चांदी और बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक सामान, वाहन, कपड़े और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी भी की जाती है। पर्व को देखते हुए शहर के प्रमुख बाजारों और शोरूमों को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया है। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष छूट और ऑफर भी रखे हैं। सराफा बाजार और कोतवाली क्षेत्र में विशेष रौनक देखने को मिल रही है।

घर के मुख्य द्वार पर जलाया जाएगा यम दीप

धनतेरस पर अकाल मृत्यु से रक्षा की कामना के साथ यमराज की पूजा का भी विधान है। धार्मिक परंपरा के अनुसार शाम को घर के मुख्य द्वार पर यमराज के नाम से दीपक जलाया जाता है। महिलाएं दीपक में चार बत्तियां जलाकर जल, रोली, चावल और गुड़ सहित अन्य पूजन सामग्री से पूजा करती हैं। मान्यता है कि इससे परिवार पर यमराज की कृपा बनी रहती है। धनतेरस के साथ शुरू होने वाला छह दिवसीय दीपोत्सव अब घरों से लेकर बाजारों तक उत्सव का माहौल लेकर आएगा। लक्ष्मी पूजन, दीपदान और खरीदारी के साथ अगले छह दिनों तक शहर रोशनी और उल्लास में डूबा रहेगा।

युवती के प्यार में बना हत्यारा, भाई के साथ मिलकर दो जिंदगियों को कार से कुचला



बेलखेड़ा दोहरी मौत मामले में प्रेम प्रसंग का खुलासा, नाबालिग अभिरक्षा में और भाई फरार

यश भारत फॉलोअप

जबलपुर,यश भारत। बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में जबलपुर-भोपाल नेशनल हाईवे पर कार से कुचलकर युवक और युवती की मौत के मामले में पुलिस जांच में प्रेम प्रसंग और आपसी रंजिश की बात सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, नाबालिग जागृति महलोनिया से प्रेम करता था। इसी बीच जागृति की प्रशांत लोधी से बातचीत होने लगी, जिससे नाराज होकर नाबालिग ने अपने भाई अनिल सिंह के साथ मिलकर दोनों को कार से कुचलने की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने नाबालिग को अभिरक्षा में ले लिया है, जबकि उसका भाई फरार है। पुलिस के अनुसार, ग्राम उड़ना निवासी 19 वर्षीय प्रशांत लोधी अपने दोस्त हेमराज के साथ मोटरसाइकिल से बेलखेड़ा पहुंचा था। शाम करीब चार बजे वह ग्राम गुबराकला निवासी जागृति महलोनिया के साथ सड़क किनारे खड़ा होकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान कार ने दोनों को टक्कर मारते हुए कुचल दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद कार चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जांच में पुलिस को पता चला कि जागृति से नाबालिग का प्रेम प्रसंग था और प्रशांत से उसकी बातचीत को लेकर वह नाराज था। इसी रंजिश में उसने अपने भाई के साथ मिलकर वारदात की योजना बनाई। एडिशनल एसपी अनु बेनीवाल के अनुसार, पुलिस ने एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है और फरार अनिल सिंह की तलाश की जा रही है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

जबलपुर, यश भारत। शहर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच और तिलवारा व गोहलपुर पुलिस ने तीन आरोपियों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 14.44 ग्राम स्मैक, 17 हजार 600 रुपये नकद, चार मोबाइल और तस्करी में इस्तेमाल की गई कार जब्त की गई है। मामले में एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 3 नवंबर को तिलवारा पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने जबलपुर-नागपुर नेशनल हाईवे पर ग्राम जोधपुर पड़ाव के पास वाहन चेकिंग के दौरान लाल रंग की ब्रेजा कार को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर चालक कार मोड़कर भागने लगा, लेकिन पीछा कर उसे पकड़ लिया गया। कार में राहुल साहू (31), निवासी गोहलपुर और विकास पटेल (30), निवासी कटंगी सवार थे। तलाशी में दोनों के पास से कुल 11 ग्राम स्मैक, 17 हजार 330 रुपये नकद और तीन मोबाइल मिले। पुलिस ने कार भी जब्त कर ली। वही गोहलपुर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने रद्दी चौकी के पास संदिग्ध हालत में घूम रहे सज्जाद खान (27), निवासी गोटेगांव को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 3.44 ग्राम स्मैक, 270 रुपये और एक मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि वह मोनू चौधरी के साथ स्मैक बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था।

रिहायशी इलाकों में बिना लाइसेंस बिक रहे थे पटाखे

जबलपुर, यश भारत। रिहायशी इलाकों में बिना लाइसेंस अवैध रूप से पटाखों की बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर गढ़ा, बेलबाग और लार्डगंज पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर चार दुकानदारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विभिन्न प्रकार के पटाखे और विस्फोटक सामग्री जब्त की है। पुलिस के अनुसार, गढ़ा के काजी मोहल्ले में अब्दुल रहमान (36) बिना लाइसेंस पटाखे बेचते मिला। उसके पास से बम, लक्ष्मी बम, अनार, फुलझड़ी, चकरी और रॉकेट सहित विभिन्न प्रकार के पटाखे जब्त किए गए। वहीं अरिहंत बुक डिपो के पास आगम जैन (19) के कब्जे से दो पेटियों में रखे एक हजार पाइप बम बरामद किए गए। इसी तरह बेलबाग पुलिस ने गुरंदी बाजार स्थित छावड़ा अस्पताल तिराहे पर विनय सोनकर (36) की दुकान से माचिस बम के 20 पैकेट जब्त किए।

कार सवारों ने व्यापारी को टक्कर मारकर लूटा करीब 7 लाख के जेवरात ले उड़े

सिहोरा गौरहा गांव के पास वारदात

जबलपुर, यशभारत। सिहोरा के निकट गौरहा गांव के पास शुक्रवार सुबह कार सवार चार बदमाशों ने एक सोना-चांदी के व्यापारी को निशाना बनाते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने व्यापारी की गाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर मारकर उसे सड़क पर गिरा दिया और उसके पास रखे करीब 6 से 7 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरगी मोहला निवासी सोना-चांदी के व्यापारी विकास सोनी शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे जेवरात लेकर गौरहा गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से कार में सवार होकर आए चार लोगों ने



उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही विकास सोनी सड़क पर गिर पड़े। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, कार सवार बदमाश उनके पास मौजूद जेवरात लेकर मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश तेज रफ्तार से कार लेकर भागे। इस दौरान गौरहा गांव के पास उन्होंने एक गाय को भी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाय लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़ी मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस बदमाशों की पहचान और उनकी तलाश में जुटी है। दिनदहाड़े व्यापारी को निशाना बनाकर लाखों के जेवरात लूटे जाने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

बिना लाइसेंस वेंडिंग करने वालों पर आरपीएफ का शिकंजा



जबलपुर यशभारत। रेलवे स्टेशन परिसर में अनाधिकृत वेंडिंग पर अंकुश लगाने और यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करने के लिए रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सख्त रुख अपनाया है। इस संबंध में आरपीएफपोस्ट प्रभारी राजीव खरब ने बताया कि मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में सतर्कता विभाग, वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफकी संयुक्त टीम ने विशेष जांच अभियान चलाकर बिना वैध प्रमाण पत्र के खाद्य सामग्री एवं अन्य वस्तुओं की बिक्री करने वाले वेंडरों के विरुद्ध कार्रवाई की। रेलवे स्टेशन पर चलाए गए इस अभियान के दौरान कुल 21 ऐसे व्यक्तियों को पकड़ा गया, जो आवश्यक वैध प्रमाण पत्र के बिना अनाधिकृत रूप से वेंडिंग करते पाए गए। संयुक्त टीम ने सभी के विरुद्ध जन विश्वास अधिनियम एवं रेल अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए 42 हजार रुपए की रसीद काटी।

अनाधिकृत वेंडिंग पर रहेगी नजर- रेलवे स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक परिसर में बिना अनुमति वेंडिंग से यात्रियों को असुविधा होने के साथ ही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े होते हैं। इसे देखते हुए आरपीएफ ने वाणिज्य एवं सतर्कता विभाग के साथ समन्वय बनाकर अभियान चलाया। रेलवे प्रशासन की इस कार्रवाई से अनाधिकृत रूप से कारोबार करने वालों में हड़कंप की स्थिति रही।

कलेक्टर ने की स्वामित्व योजना एवं सीएम हेल्प लाइन की समीक्षा

75 से 80 प्रतिशत पंजीयन वाले गांवों में विशेष कैंप लगाने के निर्देश



जबलपुर, यशभारत। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने स्वामित्व योजना एवं सीएम हेल्पलाइन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वामित्व योजना में शत-प्रतिशत पंजीयन का लक्ष्य हासिल करने के लिए अधिकारियों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ऐसे गांवों का चयन किया जाए, जहां 75 से 80 प्रतिशत तक पंजीयन पूरा हो चुका है। इन गांवों में विशेष कैंप लगाकर शेष पंजीयन भी पूरा कराया जाए। उन्होंने एसडीएम को संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा कराने तथा पटवारी सत्यापन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

शिकायतों का कराएं वास्तविक निराकरण- कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि शिकायतों को केवल फोर्स क्लोज न करें, बल्कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का वास्तविक समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि नीतिगत कारणों से जिन शिकायतों का निराकरण संभव नहीं है, उन्हीं मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करें। उन्होंने शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बाद ही शिकायत बंद कराए जाने के निर्देश दिए।

छठ महापर्व को लेकर एसपी को ज्ञापन

जबलपुर यश भारत। उत्तर प्रदेश बिहार महासंघ ने छठ महापर्व पर सुरक्षा, सफाई व चेंजिंग रूम व्यवस्था हेतु महापौर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा । इस मौके पर अध्यक्ष कन्दर्प शर्मा, विजय मिश्रा, राकेश रंजन और अनिल गुप्ता आदि प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे। उन्होंने बताया कि लोक आस्था एवं सूर्योपासना के महापर्व छठ के उपलक्ष्य में संस्कारधानी जबलपुर के विभिन्न घाटों एवं तालाबों पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु महापौर एवं पुलिस अधीक्षक से चर्चा की और कहा कि संस्कारधानी में बहुतायत संख्या में उत्तर भारतीय परिवार



निवास करते हैं और आगामी 13 नवम्बर से शुरू होने वाले चार दिवसीय छठ महापर्व पर गौरीघाट, तिलवाराघाट, माढ़ोताल, हनुमानताल, संजीवनी नगर, देवताल, गुलौआताल, अधारताल, गोकलपुर, रांझी सहित शहर के प्रमुख जलस्त्रोतों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं।अतः सभी प्रमुख छठ घाटों पर पर्याप्त साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल और समुचित प्रकाश (लाइटिंग) की व्यवस्था के लिए आग्रह किया। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि यथा संभव सभी सुविधाओं और व्यवस्थाएं की जायेगी।

जिन प्रतिमा का निर्माण कराने वाला आगे चलकर स्वयं भगवान बन सकता है : मुनि निष्कंप सागर



जबलपुर। यशभारत। शिवनगर जैन मंदिर में मुनि श्री निष्कंप सागर जी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में मिलने वाला सुख, समृद्धि, निरोगी काया, दीर्घायु और उच्च कुल में जन्म लेना सब पुण्य का प्रतिफल है। इसी प्रकार साध्वी का जीवन, उच्च कुल में जन्म लेकर पति की आज्ञा का पालन करने वाली स्त्री तथा पिता की आज्ञा से रंचमात्र भी विचलित नहीं होने वाला पुत्र भी पुण्य के फलस्वरूप प्राप्त होते हैं।मुनि श्री ने कहा कि घर से मंदिर भले ही दूर हो, लेकिन वहां जाना है। रास्ते में सांसारिक वासनाओं का जंगल मिले, तब भी उसे पार करना है। यही सच्चे जैन धर्मावलंबी की पहचान है। उन्होंने कहा कि भगवान कौन बनेगा? जो जिन प्रतिमा का निर्माण करवाएगा, वह भी एक दिन भगवान बनने की दिशा में अग्रसर होगा। सम्यक्त्व की प्राप्ति होने पर मनुष्य आज नहीं तो कल भगवान अवश्य बन सकता है। उन्होंने प्रेरक उदाहरण देते हुए कहा कि आराधक से आराध्य और पूजक से पूज्य बनने की क्षमता प्रत्येक मनुष्य में है। जिस प्रकार बीज के भीतर केवल बीज ही नहीं, बल्कि विशाल वृक्ष बनने की संभावना भी छिपी होती है, उसी प्रकार मनुष्य के भीतर केवल मनुष्य ही नहीं, भगवान बनने की संभावना भी विद्यमान है। पूर्व में तीर्थंकर भी हम जैसे ही सामान्य मनुष्य थे, लेकिन उन्होंने संसार का त्याग और तप-साधना करके परम पद प्राप्त किया।मुनि श्री ने कहा कि जिन प्रतिमा का निर्माण कराने वाले श्रद्धालु युगों-युगों तक स्मरण किए जाते हैं। प्रतिमा निर्माण केवल धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि आत्मकल्याण और पुण्य संचय का ऐसा माध्यम है, जिसका प्रभाव लंबे समय तक बना रहता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म, त्याग, संयम और जिन आराधना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

भोपाल के बाजारों में धनतेरस की बहार: एक हजार करोड़ से अधिक के कारोबार की उम्मीद

भोपाल, यशभारत। राजधानी में आज शुक्रवार को मनाए जा रहे धनतेरस के पावन पर्व पर बाजारों में बंपर कारोबार की उम्मीद है। सोना-चांदी, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, सजावटी सामान और आतिशबाजी के बाजारों में सुबह से ही ग्राहकों की भारी चहल-पहल देखने को मिल रही है। कारोबारी अनुमानों के मुताबिक, इस बार भोपाल में धनतेरस पर 1000 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने की संभावना है, जो शहर की अर्थव्यवस्था को एक नई रफ्तार देगा।

सराफा बाजार में ?150 करोड़ पार का अनुमान, हल्के वजन की ज्वेलरी और सिक्कों की मांग-त्योहार पर सबसे अधिक रौनक सराफा बाजार में है। सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच भी ग्राहकों का उत्साह कम नहीं हुआ है। श्री सराफा एसोसिएशन चौक के सचिव अखिलेश मित्तल के अनुसार, इस दिवाली सीजन में भोपाल का सोना-चांदी कारोबार 150 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर सकता है, जो पिछले साल करीब 100 से 125 करोड़ रुपये के बीच रहा था। ग्राहक पहले से ही अपनी पसंद के गहनों की एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। वहीं, कारोबारी राजेश अग्रवाल बताते हैं कि



कीमतों में बदलाव के चलते इस बार भारी गहनों के बजाय एक, दो और तीन ग्राम की लाइटवेट ज्वेलरी तथा चांदी के सिक्कों की जबरदस्त मांग बनी हुई है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेज पर विशेष ऑफर-परंपरागत खरीदारी के साथ-साथ इस बार इलेक्ट्रॉनिक बाजार में भी बूम देखने को मिल रहा है। एमपी नगर और शहर के प्रमुख शोरूम्स में टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, माइक्रोवेव और स्मार्टफोन्स की खरीदारी के लिए मध्यमवर्गीय परिवारों की भीड़ जुटी है। कंपनियों और शोरूम संचालकों द्वारा दी जा रही आकर्षक छूट, आसान किस्तों और एक्सचेंज ऑफर्स ने ग्राहकों के लिए खरीदारी को और सुगम बना दिया है।

धनतेरस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुआ विधिवत पूजन-अर्चन

भोपाल, यश भारत।

धनतेरस के पावन पर्व पर राजधानी भोपाल स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विधिवत पूजन अर्चन किया गया। धार्मिक उल्लास और उत्सवी माहौल के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। पूजा अर्चना के दौरान प्रदेश की सुख-समृद्धि खुशहाली और निरंतर प्रगति की कामना की गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर तथा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने विधि-विधान से पूजाक्षअर्चना कर प्रदेश की उन्नति और नागरिकों के जीवन में सुख-शांति बनाए रखने की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक



शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं को भी दीपावली की बधाई देते हुए पर्व की खुशियां साझा कीं। धनतेरस के अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में उत्सव और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देकर पर्व की खुशियां बांटीं। पारंपरिक धार्मिक आयोजन के साथ कार्यालय परिसर में दीपावली का उत्साह नजर आया।

पर्व को देखते हुए दुकानदारों ने कर रखी थी सारी तैयारियां

धनतेरस पर जमकर हुई खरीदारी







नरसिंहपुर यशभारत। पांच दिवसीय दीपावली पर्व 6 नवम्बर से प्रारंभ हो गया है। धनतेरस के साथ ही दीपावली पर्व की शुरूआत हो गई है भारतीय संस्कृति का महापर्व होने के कारण परंपरागत ढंग से लोगों द्वारा तैयारियां की गई है पिछले कई दिनों से साफ-सफाई और रंगाई-पुताई के कार्य घरों घर चल रहे थे धनतेरस से महालक्ष्मी पूजन के पांच दिनी पर्व दीपावली की शुरुआत हो गयी है। इस दिन भगवान धन्वंतरि के साथ धन की देवी लक्ष्मी कुबेर का पूजन हुआ। शुभ मुहूर्त में बाजार में धन बरसा और शाम को हर देहरी पर दीप सजाए गये। पांच दिनी पर्व के दौरान घर-आंगन और गलियारे रोशन रहेंगे। इस दौरान प्रति, आयुष्मान और सौभाग्य सहित कई विशिष्ट संयोग बनेंगे।

नगर में रही दिन भर ग्राहकों की चहल-पहल

धनतेरस पर शुभ मुर्हुत में वाहन, आभूषण, बर्तन व अन्य सामग्री की खरीददारी नागरिकों द्वारा की गई। धनतेरस के एक दिन पूर्व से ही बाजार में चहल-पहल देखी गयी थी। खरीददारी हेतु व्यापारी वर्ग द्वारा अपने प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और अपने ग्राहकों के लिए कई प्रतिष्ठानों द्वारा दीपावली हेतु विशेष योजनायें चलायी जा रही है। ग्राहकों ने उक्त दुकानों पर जाकर जमकर खरीददारी की। खरीददारी देर शाम तक जारी रही। वहीं दिन में भी नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अत्याधिक ग्राहकों की भीड़भाड़ देखी गयी थी। पर्व के मद्देनजर दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों को सजा रखा था। दुकानों के बाहर लटकी रंग बिरंगी लड़िया मनोहारी लग रही थी। बाजार में रौनक बढ़ी तो दुकानें पूरी तरह से रंगीन है और लोग उन पर खरीददारी कर रहे है। शहर में इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल्स, बर्तन, मनिहारी, खिलौने, कपड़े और जूतों की दुकानों में भी भीड़भाड़ देखी गई। नगर में लगी झाडू की दुकानों पर भीड़ नजर आ ये। दुकानों में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं रंग-बिर गी लाइटों की लड़ियों के चलते दीयों के प्रति क्रेज कम हो रहा है। पहले लोग घरों और दुकानों की मुंडेरों पर तेल के दिये जलाते थे और कुंभकारों का काम अच्छा चल जाता था लेकिन इन लड़ियों के आने के बाद दीयों का वह आकर्षण नही रहा जो पहले था। चीजों पर आकर्षक उपहार और पैकेज कंपनियां अपने उत्पाद बेचने के लिए दीपावली फैस्टिबल पैकेज और विभिन्न योजनाएं दे रही है। दीपावली के नजदीक आते ही सबसे ज्यादा चमक सराफा में नजर आ रही है।

भागवत कथा की सफलता में क्षेत्रवासियों का सहयोग अविस्मरणीयए यजमान परिवार ने जताया आभार



गोटेगांव यशभारत। मणि नागेंद्र सिंह सैनिक स्कूल के समीप आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के सफल आयोजन पर मुख्य यजमान परिवार एवं मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन ने समस्त श्रद्धालुओं, सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियोंए प्रशासनिक विभागों व सेवाभावी कार्यकर्ताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। इंजीनियर सरदार सिंह पटेल सचिव मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल एवं पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल मुन्ना भैया ने संयुक्त रूप से कहा कि कीर्तिशेष यशोदाबाई पटेल एवं कीर्तिशेष मणि नागेंद्र सिंह पटेल सहित दिवंगत पुण्यात्माओं की शांति तथा क्षेत्र की उन्नति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना से इस ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस आत्मीयता, श्रद्धा और उत्साह से सहयोग दिया, वह अविस्मरणीय है। सभी के सामूहिक सहयोग से पूज्य कथाव्यास महंत पं.विपिन बिहारी महाराज के श्रीमुख से कथा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह आयोजन धार्मिक कार्यक्रम के साथ-साथ सामाजिक समरसता, पारिवारिक संस्कारों और सामूहिक सहभागिता का भी प्रेरणादायी उदाहरण बना। यजमान परिवार ने पुलिस प्रशासन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नगर पालिका, जनपद पंचायत, सरपंच संघ, सचिव संघ, पत्रकार बंधुओं एवं समस्त सामाजिक धार्मिक संगठनों का विशेष आभार व्यक्त किया। अधिकारियों, कर्मचारियों, व्यापारियों, किसानों, युवाओं, स्वयंसेवकों के योगदान की भी सराहना की।

ज्ञानोदय में विधिक सेवा प्राधिकरण सुरक्षित बचपन के लिए बच्चों को बताएं अधिकार और कानून



तेंदूखेड़ा यशभारत। बच्चों का बचपन सुरक्षित हो उन्हें अपने अधिकारों की जानकारी हो और किसी भी तरह के शोषण उत्पीड़न अथवा हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने का साहस मिले। नगर तेंदूखेड़ा में ज्ञानोदय कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में सुरक्षित बचपन अभियान की तीसरे दिन विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें मजिस्ट्रेट शिवकांत कुशवाहा जज सिविल न्यायालय तेंदूखेड़ा एवं प्रचार रजनीश जैन नोडल अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों एवं संस्था संचालक एस के दुबे द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती पूजन दीप प्रचलन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। तत्पश्चात संस्था की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की एवं रजनीश जैन द्वारा सिविल जज का परिचय कराया संस्था संचालक द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। शिवकांत कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को बाल अधिकारों पाक्सो अधिनियम, भारतीय संविधान, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ शिक्षा और कैरियर निर्माण के अफसर की जानकारी देकर जागरूक किया गया मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवकांत कुशवाहा द्वारा नशा मुक्ति अभियान की शपथ भी दिलाई एवं मार्गदर्शन किया गया।

विद्यार्थियों को बालकों से संबंधित कानूनी प्रावधानों, मौलिक अधिकार, कर्तव्य तथा लेखक अपराधों से बालकों का संरक्षण पाक्सो की विस्तार से जानकारी दी उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा, कौशल विकास और विभिन्न करियर विकल्पों के संबंध में भी मार्गदर्शन किया गया। संस्था प्रबंधन मनोज दुबे शिवांशु दुबे द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ कार्यक्रम का संचालन संजीव द्विवेदी द्वारा किया गया इसमें संस्था की शिक्षक गण विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

पूर्व विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर का किया भ्रमण, शिक्षा के दिनों को किया याद



नरसिंहपुर यशभारत। आज प्रातः मॉर्निंग वॉक एसोसिएशन के अध्यक्ष कुँवर वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एसोसिएशन के सदस्यों ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर पहुंचकर अपने विद्यार्थी जीवन की यादें ताजा कीं। उल्लेखनीय है कि एसोसिएशन के अधिकांश सदस्य इसी संस्था के पूर्व विद्यार्थी रहे हैं। उस समय यह विद्यालय मल्टीपरपज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नाम से जाना जाता था। विद्यालय पहुंचने पर सभी सदस्यों ने परिसर का भ्रमण किया और अपने विद्यार्थी जीवन से जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए भावनात्मक प्रसन्नता व्यक्त की। संस्था के प्राचार्य राजीव किशोर (बॉबी) ने सभी वरिष्ठ नागरिकों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

सुबह की सैर ताजा हवा के बीच पुरानी यादों को ताजा करने उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचे मॉर्निंग वॉक एसोसिएशन के सदस्य

स्वल्पाहार के दौरान कुँवर वीरेंद्र सिंह एवं एसोसिएशन के सदस्यों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह विद्यालय उनके जीवन की शैक्षणिक यात्रा का महत्वपूर्ण आधार और साक्षी रहा है। इसी संस्था से प्राप्त शिक्षा और संस्कारों ने उनके जीवन को दिशा प्रदान की। वर्षों बाद अपने विद्यालय में लौटना उनके लिए अत्यंत सुखद एवं भावुक अनुभव रहा। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने विद्यालय के प्रति अपने जुड़ाव को व्यक्त करते हुए संस्था के शैक्षणिक एवं विकासात्मक कार्यों में भविष्य में सकारात्मक योगदान और सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव ने सभी पूर्व विद्यार्थियों से समय-समय पर विद्यालय आते रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पूर्व विद्यार्थियों का अनुभव, मार्गदर्शन और सहयोग वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्कूल परिसर पर दबंगों का कब्जा, मक्का सुखाने के नाम पर किसानों से 500 से 1000 रुपए तक वसूली



नरसिंहपुर यशभारत। ग्राम पंचायत पिपरिया मवई से गंभीर मामला सामने आया है, जहां शिक्षा के मंदिर शासकीय स्कूल परिसर को दबंगों ने निजी मुनाफे का जरिया बना दिया है। गांव के कुछ रसूखदार लोगों द्वारा स्कूल के प्रांगण को किसानों को मक्का सुखाने के लिए अवैध रूप से किराये पर दिया जा रहा है और इसके एवज में मोटी रकम वसूली जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दबंगों द्वारा बेखौफ होकर प्रत्येक किसान से मक्का सुखाने के नाम पर 500 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है। मेहनत की कमाई से उपज तैयार करने वाले स्थानीय किसान इन दबंगों की मनमानी के आगे लाचार नजर आ रहे हैं।

स्कूल परिसर में भारी मात्रा में फसल फैलाए जाने और असामाजिक तत्वों के जमावड़े के कारण स्कूल का शैक्षणिक माहौल पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। छोटे-छोटे बच्चों की सुरक्षा पर भी खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन व स्थानीय प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे चिंताजनक बात पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की चुप्पी है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में खुलेआम चल रही इस अवैध वसूली की जानकारी होने के बावजूद जिम्मेदार लोग मौन साधे हुए हैं, जिससे दबंगों के हौसले और बुलंद हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने शासन-प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि स्कूल प्रांगण को तत्काल अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए और किसानों से अवैध वसूली करने वाले दबंगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

शंकराचार्य औषधालय में भगवान धन्वंतरी का पूजन कर मनाया गया जयंती उत्सव



गोटेगांव यशभारत। पुराना बस स्टैंड स्थित श्री शंकराचार्य धर्मशाला में परमहंसी गंगा आश्रम क्षेत्र द्वारा संचालित शंकराचार्य औषधालय में भगवान धन्वंतरी जयंती के अवसर पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने भगवान धन्वंतरी से सभी के उत्तम स्वास्थ्य एवं निरोगी जीवन की कामना की। कार्यक्रम में औषधालय के संचालक वैद्य डॉ. जीके चौबे ने भगवान धन्वंतरी के प्राकट्य प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि मानव जीवन में रोग और वृद्धावस्था जैसी शारीरिक समस्याएं सदैव चुनौती रही हैं। देवताओं और असुरों द्वारा किए गए समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरी अमृत कलश एवं औषधियों के साथ प्रकट हुए थे। इसी मान्यता के चलते धन्वंतरी जयंती को चिकित्सा एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में विशेष महत्व प्राप्त है। इस दिन वैद्य, चिकित्सक, औषधि निर्माता एवं औषधि विक्रेता भगवान धन्वंतरी का पूजन कर जनमानस के निरोगी जीवन की कामना करते हैं। इसी परंपरा के अंतर्गत शंकराचार्य औषधालय में पंडित लवकेश शर्मा के आचार्यत्व में भगवान धन्वंतरी का पूजन संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि पीड़ित मानवता की सेवा के उद्देश्य से ब्रह्मलीन शंकराचार्य पूज्य गुरुदेव भगवान ने अपने मार्गदर्शन में इस स्थान पर औषधि, परामर्श एवं उपचार केंद्र संचालित करने का संकल्प लिया था। गुरुदेव के ब्रह्मलीन होने के बाद भी यह सेवा कार्य निरंतर जारी है। वर्तमान में वैद्य डॉ.जीके चौबे द्वारा शंकराचार्य धर्मशाला में औषधालय का संचालन कर जरूरतमंदों को औषधि एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर पंडित लवकेश शर्मा, सुशील नेमा, मुकेश चौकसे, मुन्नालाल पटेल मासाब, राजेंद्र विलवार पूर्व सरपंच गिरीश अग्रवाल, आबिद खान सरपंच सतीश अग्रवाल मुकुल राजपूत अनिल जैन त्रिपुरारी नेमा राजू कहार हीरा राजपूत एवं भोला ठाकुर सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

माउंट लिटेरा जेडईई स्कूल की छात्राओं ने किया नपा कार्यालय शैक्षणिक भ्रमण



सीएमओ ने सभागार में दी प्रशासनिक एवं राजनीतिक व्यवस्था की जानकारी, छात्राओं ने पूछे कई सवाल

करेली यशभारत। माउंट लिटेरा जेडईई स्कूल की छात्राओं ने नपा परिषद कार्यालय का शैक्षणिक भ्रमण कर विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली एवं नगर पालिका द्वारा किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान छात्राओं ने नगर पालिका के विभिन्न विभागों में पहुंचकर वहां होने वाले कार्यों को नजदीक से समझा।

नपा सभागार में आयोजित परिचर्चा के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर ने छात्राओं को नपा की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए बताया कि नपा मुख्य रूप से दो व्यवस्थाओं के माध्यम से संचालित होती है, जिनमें राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था शामिल हैं। राजनीतिक व्यवस्था में नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षद, मनोनीत पार्षद आते हैं, जो अपने-अपने वार्ड की समस्याओं एवं नागरिकों की आवश्यकताओं को नपा परिषद के समक्ष रखते हैं। वहीं प्रशासनिक व्यवस्था के प्रमुख मुख्य नपाअधिकारी होते हैं, जिनके अंतर्गत विभिन्न शाखाएं एवं विभाग कार्य करते हैं।

सीएमओ ने छात्राओं को स्थापना शाखा, लेखा शाखा, राजस्व शाखा, योजना शाखा, जन्म-मृत्यु शाखा, विद्युत शाखा सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका शहर में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, कर संग्रहण, निर्माण कार्य एवं नागरिकों को विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए किस प्रकार कार्य करती है। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने भी उत्सुकता के साथ कई सवाल पूछे। इनमें कचरे का पृथक्करण, टैक्स कलेक्शन एवं उससे प्राप्त राशि का उपयोग, फायरमैन की भूमिका, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया, वाटर रिसाइकिल प्लांट तथा शहर की साफ-सफाई से जुड़े प्रश्न प्रमुख रहे। सीएमओ ने सभी प्रश्नों के जवाब देते हुए सरल भाषा में पूरी प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित किया जाता है। इसके बाद कचरे का उचित निस्तारण एवं पुनर्चक्रण किया जाता है। साथ ही कर संग्रहण की प्रक्रिया, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था तथा रातीकरार स्थित वाटर रिसाइकिल प्लांट में पानी की गुणवत्ता की जांच लैब टेस्टिंग के माध्यम से किए जाने की जानकारी भी दी गई। शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से छात्राओं को स्थानीय स्वशासन, नगरीय प्रशासन और नागरिक सुविधाओं के संचालन को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर सहित नपा के अधिकारी-कर्मचारी, माउंट लिटेरा जेडईई स्कूल की छात्राएं एवं स्कूल स्टाफ

चांवरा हेरिटारा 2026 बना आकर्षण का केंद्र, लगभग 15 हजार लोगों ने किया अवलोकन

करेली यशभारत। चांवरा विद्यापीठ खैरीनाका द्वारा आयोजित भव्य शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी चवारा हेरिटारा 2026 का आयोजन अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने नरसिंहपुर जिले में एक नई पहचान स्थापित करते हुए शिक्षाए संस्कृति, विज्ञान, तकनीक और रचनात्मकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में लगभग 15,000 लोगों ने पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों के साथ विभिन्न विद्यालयों के हजारों विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के अध्यक्ष रेव. डॉ. फादर थॉमस कोल्लापिल्ली, प्रोविंशियल, सीएमआई सेंट पॉल प्रोविंस भोपाल रहे। मुख्य अतिथि डॉ.राजकुमार आचार्य, अध्यक्ष, प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति, मध्यप्रदेश शासन तथा विशेष अतिथि डॉ. राव अमन प्रताप सिंह, डायरेक्टर, एलएनएम हॉस्पिटल नरसिंहपुर एवं चांवरा विद्यापीठ के पूर्व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान, तकनीक, पर्यावरण संरक्षण, कृषि, जल संरक्षण, नवाचार और विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और वैज्ञानिक सोच ने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। इसके साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में भारतीय परंपरा और संस्कृति के रंग बिखेरे। विशेष आकर्षण के रूप में ऑफरोड रेसिंग सहित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना तथा उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और नवाचार की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के मैनेजर रेव फादर डेविस अलाप्पट, प्राचार्य रेव फादर वर्गीस एमवी, समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी, आयोजन समिति एवं विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, पत्रकार बंधुओं,नरसिंहपुर के नागरिकों, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। चांवरा हेरिटारा 2026 ने यह संदेश दिया कि जब विरासत का जुड़ाव नवाचार से होता है, तब शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि भविष्य



सिराज की उपेक्षा से उठे सवाल

कहीं 2027 एक दिवसीय विश्वकप की योजनाओं से तो बाहर नहीं हुए



ऑकलैंड (ईएमएस)। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में खेले गए पहले एकदिवसीय मुकाबले के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने से जहां प्रशंसकों को हैरानी हुई वहीं इससे कुछ सवाल भी उठने लगे हैं। जसप्रीत बुमराह के इस सीरीज में नहीं खेलने से सिराज ही सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। फिर भी उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिलने से आशंका हो रही है कि कहीं उन्हें अगले एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम योजनाओं से बाहर तो नहीं रखा जा रहा। ये भी सवाल उठ रहा है कि क्या टीम प्रबंधन अब भविष्य की योजनाओं में नए तेज गेंदबाजों को प्राथमिकता दे रहा है और सिराज की अहमियत कम होती जा रही है? यह स्थिति एक ऐसे खिलाड़ी के लिए है जो पिछले कई वर्षों से भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण का हिस्सा रहा है। गौरतल है कि सिराज ने तीनों प्रारूपों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और 2023 एकदिवसीय विश्व कप में भी टीम के सदस्य थे, जहां उन्होंने अपनी सटीक गेंदबाजी और विकेट लेने की क्षमता से अहम योगदान दिया था। इसके बावजूद, उन्हें हाल के एकदिवसीय मुकाबलों में नियमित अवसर नहीं मिल रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में उनकी जगह आकिब नबी, अंशुल कंबोज, गुरनूर बरार और अर्शदीप सिंह जैसे अनकैप्ड युवा गेंदबाजों को मौका दिया गया, जिसने उनकी भूमिका और टीम में उनकी स्थिति पर सवालिया निशान लगने लगे हैं। हालांकि, सिराज को बाहर रखने की एक तात्कालिक व्यावहारिक वजह न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में अनौपचारिक टेस्ट मैच का हिस्सा होना हो सकती है, जो तीन नवंबर को समाप्त हुआ था। इसके अगले ही दिन एकदिवसीय मुकाबला खेला गया, और तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन व रिकवरी को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम देना एक तर्कसंगत कदम प्रतीत होता है। लेकिन यह कारण केवल न्यूजीलैंड के पहले मैच तक सीमित नजर आता है। सितंबर-अक्टूबर 2026 में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में भी सिराज को शुरुआती दो मुकाबलों में जगह नहीं मिली थी। उन्हें सिर्फ तीसरे मैच में खेलने का अवसर मिला, जहां उन्होंने आठ ओवर में 52 रन देकर एक विकेट हासिल किया। रिपोर्टों के मुताबिक, उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा के चोटिल होने के बाद ही टीम में शामिल किया गया था। इस बात ने उन अटकलों को और हवा दी है कि क्या वह टीम प्रबंधन की पहली पसंद नहीं रह गए हैं। गौरतलब है कि भारतीय टीम 2027 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए निश्चित रूप से नए तेज गेंदबाजों को तैयार करना चाहती है। यह रणनीति भविष्य के लिए विकल्पों को बढ़ाने के लिहाज से सही हो सकती है, लेकिन सिराज जैसे अनुभवी और स्थापित गेंदबाज को लगातार बाहर रखने से उनके आत्मविश्वास पर नकारात्मक असर पड़ सकता है, साथ ही 2027 विश्व कप में उनकी भागीदारी की संभावनाओं को भी धुंधला कर सकता है।

बड़े स्कोर भी अब जीत की गारंटी नहीं रहे





400 से अधिक रनों के बाद भी हारी हैं टीमें

मुम्बई (यशभारत)। एकदिवसीय रि केट में एक समय बड़े स्कोर बनाने पर किसी भी टीम की जीत तय मानी जाती थी पर आज आधुनिक रि केट इतना बदल गया है कि 400 से अधिक रन भी जीत की गारंटी नहीं रह गये हैं। इसका एक बड़ा कारण टी20 प्रारुप आने के बाद आ मक बल्लेबाजी होने के साथ ही छोटी बाउंड्री को भी माना जा रहा है। रि केट इतिहास में अब ऐसे कई मुकाबले दर्ज हैं, जहां टीमें बड़े लक्ष्य के बाद भी हारी हैं। यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड जैसी टीमों को भी उलटफेर का सामना करना पड़ा है। जिसने साबित किया कि अब रि केट में कोई भी स्कोर अंतिम नहीं माना जा सकता है

ऐसा ही एक अप्रत्याशित मुकाबला साल 2006 में जोहान्सबर्ग में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया था। तब ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान रिकी पोंटिंग की तूफानी बल्लेबाजी से 4 विकेट पर 434 रन बनाये थे। उस समय यह एकदिवसीय इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर था और ऑस्ट्रेलियाई खेमे को अपनी जीत लगभग पक्की लग रही थी। लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने असंभव को संभव कर दिखाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्रीम स्मिथ के 90 रन और हर्शल गिब्स के 175 रनों की सहायता से अफ्रीकी टीम ने जीत का आधार बनाया। मार्क बाउचर और जोहान वान डर वाथ ने भी अंत में अहम योगदान दिया और दक्षिण अफ्रीका ने एक गेंद शेष रहते 438 रन बनाकर यह मुकाबला जीत लिया। यह लक्ष्य का पीछा करते हुए आज भी एकदिवसीय इतिहास के सबसे यादगार और रोमांचक मामलों में गिना जाता है।

सिर्फ यही नहीं, हाल के वर्षों में भी ऐसे कई रोमांचक और विशाल स्कोर वाले मुकाबले देखने को मिले हैं। उदाहरण के लिए, कुछ समय पहले हुए एक मैच में इंग्लैंड ने 4 विकेट पर 429 रन बनाए थे पर विरोधी टीम ने एक गेंद शेष रहते 430 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। हैरी ब्रूक के दोहरे शतक के बावजूद, विपक्षी बल्लेबाज के शतक और दासुन शनाका की 97 रन की तेज पारी इंग्लैंड पर भारी पड़ी। इसी तरह, भारत और वेस्टइंडीज के बीच गुवाहाटी में हुए एक मुकाबले में वेस्टइंडीज ने 405 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया, लेकिन भारतीय टीम ने रोहित शर्मा के 101 और शुभमन गिल के रिकॉर्ड 223 रनों की बदौलत 44वें ओवर में ही इस विशाल लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया।

इसके अलावा कभी-कभी बारिश और डकवर्थ-लुईस नियम भी जीत के समीकरण को पूरी तरह बदल देते हैं। 2023 विश्व कप में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ 401 रनों का बड़ा स्कोर बनाया था। हालांकि, बारिश के कारण मैच बाधित हुआ और डकवर्थ-लुईस नियम लागू होने पर पाकिस्तान ने 21 रनों से जीत दर्ज की, जबकि कीवी टीम ने एक विशाल स्कोर खड़ा किया था। ये सभी मुकाबले इस बात का प्रमाण हैं कि आधुनिक एकदिवसीय क्रिकेट में कोई भी स्कोर, चाहे वह कितना भी बड़ा क्यों न हो, हमेशा जीत की गारंटी नहीं होता। बल्लेबाजों की आक्रामक मानसिकता और पिच की बदलती प्रकृति ने क्रिकेट को और भी रोमांचक बना दिया है, जहाँ अंतिम गेंद तक परिणम बदल सकता है।

हार्दिक अगले एक सत्र तक आईपीएल में कप्तानी न करें : रायुडू



मुम्बई (यशभारत)। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के आईपीएल 2027 में मुम्बई इंडियंस छोड़कर चेन्नई सुपरकिंग्स या पंजाब जाने की अटकलों के बीच ही पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने कहा है हार्दिक जिस भी टीमें में जायें ध्यान रखें कि अगले एक सत्र तक कप्तानी से दूर रहें। रायुडू के अनुसार हार्दिक के लिए सुपर किंग्स या पंजाब किंग्स में जाना बेहतर विकल्प रहेगा पर उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में नहीं जाना चाहिये। इसका कारण है कि केकेआर को अभी कप्तान की जरुरत है और पांड्या अगर वहां जाते हैं तो उन्हें कप्तानी संभालनी पड़ेगी जिससे उनपर अनावश्यक बोझ आ जाएगा। अभी जिस स्थिति में वह है उसमें टीम की जिम्मेदारी संभालना हार्दिक के लिए आसान नहीं होगा। इसके विपरीत, रायुडू का मानना है कि चेन्नई या पंजाब में हार्दिक पर कप्तान का भार नहीं रहेगा जिससे वह अपने खेल पर ही ध्यान दे सकेंगे। रायुडू ने पिछले आईपीएल सत्र में मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम में हार्दिक की कमजोर स्थिति को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हार्दिक वहां अपने को एक कोने में धकेला हुआ महसूस कर रहे थे। इस तरह की असहजता का असर खिलाड़ी के व्यवहार और मैदान पर उसके प्रदर्शन पर भी पड़ सकता है। साथ ही कहा कि जब ड्रेसिंग रूम का माहौल सही नहीं होता, तो खिलाड़ी कई बार ऐसे तरीके से प्रतिक्रिया दे सकता है, जैसा वह स्वयं भी नहीं चाहता। रायुडू ने संकेत दिया कि हार्दिक के लिए मुंबई में कई चीजें सही नहीं रहीं, जिसके लिए उनकी अपनी गलतियां भी हो सकती हैं या कुछ अन्य कारण भी।वहीं रायुडू ने साफ किया कि अगर हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के साथ बने रहते हैं, तब भी उन्हें कप्तानी की भूमिका नहीं निभानी चाहिए। उनका सुझाव है कि हार्दिक को केवल अपने खेल पर ध्यान देना चाहिए, समय का आनंद लेना चाहिए और मुंबई के लिए एक मैच विजेता के तौर पर प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर हार्दिक किसी दूसरी टीम में भी जाते हैं, तो कम से कम एक सत्र के लिए उन्हें कप्तानी से दूर रहना चाहिए ताकि वे नए माहौल में सहज हो सकें और अपने खेल को निखार सकें।

12 नवंबर से हरियाणा में होगी अंतरराष्ट्रीय गोल्फ चैम्पियनशिप

नई दिल्ली (ईमएस)। भारत में अब गोल्फ की एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय चैम्पियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। जिससे इस खेल के प्रशंसकों को अब दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ियों को देखने का अवसर मिलेगा। हरियाणा के नूंह में स्थित तरुधन वैली में 12 नवंबर से इंडिया इंटरनेशनल पिच एंड पट ओपन गोल्फ-2026 का आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता में 14 देशों के 56 विदेशी खिलाड़ियों के साथ ही 16 भारतीय खिलाड़ियों सहित कुल 72 गोल्फर भाग लेंगे। भारत के 16 खिलाड़ी इसमें उतरेंगे। इस आयोजन को पिच एंड पट की वैश्विक संस्था फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल पिच एंड पट एसोसिएशंस (एफआईपीपीए) की मान्यता मिली है, जिससे इसका अंतरराष्ट्रीय महत्व और बढ़ गया है। इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों को भी विदेशी गोल्फरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर मिलेगा। 14 देशों के खिलाड़ियों के शामिल होने से देश में इस खेल की लोकप्रियता भी बढ़ेगी। इसी को देखते हुए इंडियन पिच एंड पट एसोसिएशन (आईपीपीए) के अध्यक्ष मुनीष अरोड़ा ने कहा कि 14 देशों के खिलाड़ियों की भागीदारी भारत में पिच एंड पट की बढ़ती लोकप्रियता को दिखाती है।

रंग संसार



जूही चावला ने किया तब्बू की जमकर तारीफ

मुंबई (यशभारत)। अभिनेत्री जूही चावला ने अपनी सहकर्मी और दोस्त तब्बू को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर तब्बू की प्रशंसा करते हुए पूछा कि वे समय के साथ हर चीज में इतनी बेहतर कैसे होती जा रही हैं। यह टिप्पणी तब्बू की अभिनय क्षमता और उनकी कालातीत सुंदरता को रेखांकित करती है, जिस पर उनके सहकर्मी भी मोहित हैं। जूही ने तब्बू को गले लगाते हुए एक प्यारी सी तस्वीर साझा की और माइक्रो-ब्लॉगिंग ऐप पर लिखा, जन्मदिन मुबारक हो तब्बू..!! कुछ लोग बूढ़े होते हैं, कुछ लोग विकसित होते हैंज और फिर आप हैं, जो चुपचाप हर चीज में बेहतर होती जा रही हैं और हमें बताने से इनकार करती हैं कि कैसे.. ढेर सारा प्यार..!! यह संदेश तब्बू की समय के साथ निखरती प्रतिभा और उनकी अद्वितीय उपस्थिति को दर्शाता है, जो उन्हें समकालीन सिनेमा में एक खास मुकाम दिलाती है। कम लोगों को पता होगा कि जूही और तब्बू ने 2001 की कॉमेडी फिल्म आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया में साथ काम किया था। इस फिल्म में इन दोनों के अलावा, गोविंदा, चंद्रचूड़ सिंह, जॉनी लीवर, ईशा कोप्पिकर, विनय आनंद और केतकी दवे जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिकाओं में शामिल थे। के. राघवेंद्र राव के निर्देशन में बनी यह फिल्म वी. शेखर द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म विरालुक्केथा वीक्रम का रीमेक थी।


यह उस दौर की एक लोकप्रिय फिल्म थी, जिसमें दोनों अभिनेत्रियों ने अपने-अपने किरदारों को बखूबी निभाया था। तब्बू के 55वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में, उनकी अगली फिल्म किंग 100 के निर्माताओं ने ड्रामा से उनका फर्स्ट-लुक पोस्टर भी जारी किया है. जिससे उनके प्रशंसकों में उत्साह बढ़ गया है। उनकी सह-कलाकार नागार्जुन अक्किनेनी ने भी तब्बू को जन्मदिन की विशेष शुभकामनाएं देते हुए अपने आधिकारिक हैंडल पर लिखा, प्रिय तब्बू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं!

400 से ज्यादा भोजपुरी फिल्मों में अभिनय का लोहा मनवा चुकी *रानी चटर्जी*



मुम्बई (यशभारत)। मशहूर भोजपुरी अभिनेत्री रानी चटर्जी ने हाल ही में अपना 37वां जन्मदिन मनाया। करीब 400 से अधिक भोजपुरी फिल्मों में अभिनय का लोहा मनवा चुकी रानी आज एक ऐसा नाम बन गई हैं जो भोजपुरी सिनेमा की पहचान है। लाखों दिलों पर राज करने वाली इस अभिनेत्री का असल नाम रानी चटर्जी नहीं, बल्कि सबीहा शेख है। सबीहा का जन्म 3 नवंबर 1989 को मुंबई के एक मुस्लिम परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा भी यहीं से पूरी की थी। वर्ष 2004 में सबीहा शेख ने फिल्म ससुरा बड़ा पइसावाला से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, जहाँ उन्होंने दिग्गज अभिनेता मनोज तिवारी के साथ स्क्रीन साझा की। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई और मनोज तिवारी तथा सबीहा शेख की जोड़ी को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया। इसी पहली फिल्म की शूटिंग के दौरान ही उनकी जिंदगी में एक बड़ा बदलाव आया। फिल्म में एक मंदिर का दृश्य फिल्माया जा रहा था, और कुछ धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, निर्देशकों ने उन्हें अपना स्क्रीन नाम बदलने का सुझाव दिया। इसी पल सबीहा शेख, रानी चटर्जी बन गईं और यह नाम आज भोजपुरी सिनेमा के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो चुका है। अपनी पहली फिल्म से मिली अपार सफलता और पहचान के बाद रानी ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने लगातार एक के बाद एक कई सफल फिल्मों में काम किया, जिससे उनकी लोकप्रियता बढ़ती चली गई। उनकी कुछ उल्लेखनीय फिल्मों में नागिन, देवरा बड़ा सतावेला, गंगा यमुना सरस्वती, रानी नंबर 786, दरिया दिल, रानी बनल ज्वाला, घरवाली बाहरवाली, रियल इंडियन मदर, रानी वेड्स राजा, लेडी सिंघम, दूल्हा नाचा गली गली, श्रीमान श्रीमती, शेरनी, परिणय सूत्र, हां मैंने भी प्यार किया था, और नौकरानी बनी महारानी जैसी फ़िल्में शामिल हैं.





मन तैयार पर शरीर कहता है थोड़ा ठहर जाओः अमिताभ बच्चन

मुम्बई (यशभारत)। हाल ही में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपनी सेहत, नींद और फिटनेस को लेकर अपने ब्लॉग पर कुछ बहुत ही निजी और मार्मिक बातें साझा की हैं। महानायक ने बताया कि उम्र के इस पड़ाव पर वह एक बार फिर से नियमित रूप से जिम जाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब उनका शरीर पहले जैसी फुर्ती से साथ नहीं दे पा रहा है। उन्होंने बताया कि इन दिनों उन्हें कभी-कभी रात में नींद आने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अमिताभ ने अपनी स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि व्यायाम करने के लिए उनका मन तो पूरी तरह से तैयार रहता है और हाँ कहता है, लेकिन उनका शरीर उन्हें थोड़ा आराम करने का इशारा देता है और रुक जाओ कहता है। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में सुबह जल्दी उठने से लेकर अपने दैनिक लेखन के दौरान आने वाली परेशानियों तक का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि पिछली रात ब्लॉग पूरा न कर पाने की बात उनके मन में लगातार चलती रही, जिसके चलते वह सुबह जल्दी उठ गए और रात भर उनकी नींद बाधित रही। इसके साथ ही, उन्होंने ब्लॉग लिखते समय अक्षरों का फॉन्ट साइज बदलने में आ रही तकनीकी परेशानी भी साझा की और पाठकों से मदद मांगी। उन्होंने लिखा, ब्लॉग लिखते समय अभी भी अक्षरों का फॉन्ट साइज बदलने में परेशानी हो रही है। अगर किसी को इसका तरीका पता है तो मुझे समझाएं। मैंने गूगल पर भी देखा, लेकिन वहां दिए गए निर्देश समझ नहीं आए।

हम एक-दूसरे के लिए बेहतर बनना सीख रहे हैं : जिया शंकर

मुम्बई (यशभारत)। पिछले कई दिनों से अभिनेत्री जिया शंकर अपने मंगेतर करण धनक के साथ अनबन और सगाई टूटने की खबरें सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही थीं। इस बारे में अब अभिनेत्री ने स्वयं सोशल मीडिया पर एक भावुक और विस्तृत नोट साझा कर अपने रिश्ते की वास्तविक स्थिति को स्पष्ट कर दिया है। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जिया ने करण धनक के साथ कुछ प्यारी तस्वीरें पोस्ट करते हुए बताया कि एक जोड़े के रूप में वे कैसे आगे बढ़ रहे हैं और उनके रिश्ते की सच्चाई क्या है। अपने नोट में जिया ने बहुत ही ईमानदारी से लिखा, अगर किसी ने आपको नहीं बताया कि एक साथ रहना सीखते हुए जिंदगी कितनी मुश्किल हो जाती है, तो मैं बताना चाहती हूं कि ये कोई बॉलीवुड फिल्म नहीं है। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि ज्यादातर कपल्स की तरह हम भी एक-दूसरे से बहुत प्यार करते हैं लेकिन कभी-कभी हमारे बीच बहुत झगड़े भी होते हैं और हम बस एक-दूसरे के लिए बेहतर बनना सीख रहे हैं। जिया ने इस बात पर जोर दिया कि वे परफेक्ट नहीं हैं, बल्कि वे केवल इंसान हैं, जिन्हें एक-दूसरे से प्यार हुआ और उन्होंने एक-दूसरे को चुना। उन्होंने यह भी लिखा कि वे सबसे अच्छे दोस्त हैं और अंत में बस यही उम्मीद करते हैं कि वे सब कुछ समझ जाएं और इस जिंदगी में साथ-साथ आगे बढ़ें। यह संदेश उनके रिश्ते की गहराइयों और चुनौतियों को दर्शाता है, जिसे वे सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने से नहीं कतरा रही थीं। अपनी निजी जिंदगी को लेकर चल रही अटकलों पर बात करते हुए जिया ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने लिखा, मैं आगे से इस बात का ज्यादा ध्यान रखूंगी कि मैं सोशल मीडिया पर क्या शेयर करती हूं, ताकि किसी भी तरह की अटकलों या बेबुनियाद अफवाहों के लिए कोई जगह न रहे। उन्होंने दृढ़तापूर्वक कहा कि उनके मंगेतर या उनके रिश्ते के बारे में जो कुछ भी कहा गया है, उसमें बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है। यह बयान उन सभी अफवाहों को खारिज करता है जो उनके ब्रेकअप को लेकर फैलाई जा रही थीं।



दो दर्जन चोरियों का खुलासा, 21.29 लाख रुपये की चोरी करना स्वीकार; चांदी के जेवर, नकदी और दो मोटरसाइकिल जब्त

चोरी का हाई-टेक नेटवर्क ध्वस्त: पुलिस के जाल में फंसे 5 शातिर

मंडला, यशभारत। थाना महाराजपुर पुलिस ने चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों ने जिला मंडला के विभिन्न थाना क्षेत्रों सहित जबलपुर और डिंडौरी जिले में करीब दो दर्जन चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपियों के कब्जे से चांदी के आभूषण, दो हजार रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल सहित कुल 1 लाख 90 हजार रुपये का मशरुका जब्त किया गया है। आरोपियों द्वारा जिला मंडला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में करीब 21 लाख 29 हजार 700 रुपये की चोरी करना स्वीकार किया गया है।



सूरजपुरा की चोरी से खुला राज

पुलिस अधीक्षक मंडला श्री राजेश रघुवंशी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा एवं एसडीओपी मंडला श्री पीयूष मिश्रा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को ग्राम सूरजपुरा निवासी कमलेश धुर्वे अपनी पत्नी राजकली के साथ घर में ताला लगाकर मोटरसाइकिल से ग्राम अहमदपुर काम से गए थे। दोपहर करीब 2:30 बजे वापस लौटने पर घर के लोहे के गेट और मुख्य दरवाजे के ताले टूटे मिले। घर के अंदर पेटी में रखे कपड़े बिखरे हुए थे तथा उनमें रखी करीब 15 तोला वजनी चांदी की एक जोड़ी पायल, दो जोड़ी चांदी की बिछिया और दो हजार रुपये नकद गायब थे। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 32 हजार रुपये बताई गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना महाराजपुर में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई।

संदिग्ध पांच युवकों से पूछताछ में हुआ खुलासा

चोरी गए मशरुका की तलाश और आरोपियों की पतासाजी के दौरान पुलिस को मुखबिर तथा ग्रामवासियों से सूचना मिली कि ग्राम सूरजपुरा में पांच युवक दो मोटरसाइकिलों के साथ संदिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर पांचों युवकों से पूछताछ की। उनके पास हीरो कंपनी की ॥स्र डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक स्क्क50 स्ड्ड 0433 तथा बिना नंबर की नई होंडा स्क्क160 मोटरसाइकिल मिली। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे 30 अक्टूबर को विजय मरावी की ॥स्र डीलक्स मोटरसाइकिल और अरबेद उर्फ भूपेन्द्र धुर्वे की नई होंडा मोटरसाइकिल से महाराजपुर आए थे। यहां सभी ने चोरी की योजना बनाई और ग्राम सूरजपुरा में बरगद के पेड़ के पास स्थित सूने मकान के गेट और दरवाजे का ताला तोड़कर चांदी की पायल तथा दो जोड़ी बिछिया चोरी कर ली थीं।

कई थाना क्षेत्रों में की वारदातें

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जिला मंडला के थाना निवास क्षेत्र में पांच स्थानों, थाना मोहगांव क्षेत्र में पांच स्थानों तथा थाना नैनपुर क्षेत्र में एक स्थान पर चोरी करना स्वीकार किया। थाना निवास क्षेत्र में ग्राम निवसी में 30 सितंबर को 95 हजार रुपये तथा 8 अक्टूबर को 88 हजार रुपये की चोरी की गई। इसके अलावा ग्राम बिझौली में 7 अक्टूबर को 25 हजार रुपये, ग्राम पथरी में 15 मई को 95 हजार रुपये तथा निवास में 8 अक्टूबर को 9 लाख 70 हजार रुपये की चोरी की गई। इन वारदातों में कुल 12 लाख 73 हजार रुपये का मशरुका चोरी होना बताया गया है। इसी तरह थाना मोहगांव क्षेत्र के ग्राम अंडिया रैयत में 8 जून को 76 हजार रुपये, ग्राम सालीवाड़ा में 16 जून को 10 हजार रुपये, ग्राम चुभावल में 29 जुलाई को 72 हजार 700 रुपये, ग्राम सहजर में 12 सितंबर को 2 लाख 96 हजार रुपये तथा ग्राम खर्राछापर में 12 नवंबर को 70 हजार रुपये की चोरी करना स्वीकार किया गया। इन घटनाओं में कुल 5 लाख 24 हजार 700 रुपये का मशरुका चोरी होना बताया गया है। वहीं थाना नैनपुर क्षेत्र के ग्राम अतरिया में 24 अक्टूबर को करीब 3 लाख रुपये की चोरी करना भी आरोपियों ने स्वीकार किया है।

जबलपुर और डिंडौरी जिले में भी फैला था नेटवर्क

पुलिस के अनुसार आरोपियों एवं उनके अन्य साथियों ने जिला मंडला के अलावा जिला जबलपुर के थाना बरेला तथा जिला डिंडौरी के थाना मेहंदवानी क्षेत्र में भी कई चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। पूछताछ में करीब दो दर्जन चोरी की घटनाओं में शामिल होना स्वीकार किया गया है। इस प्रकार जिला मंडला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी किए गए मशरुका की कुल अनुमानित कीमत 21 लाख 29 हजार 700 रुपये बताई गई है। अन्य थाना क्षेत्रों में हुई चोरियों के संबंध में संबंधित पुलिस द्वारा आरोपियों का रिमांड प्राप्त कर चोरी गए मशरुका की बरामदगी की कार्रवाई की जाएगी।

रेकी कर सूने मकानों को बनाते थे निशाना

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अलग-अलग क्षेत्रों के गांवों में घूमकर घरों की रेकी करते थे। विशेष रूप से सड़क किनारे स्थित ऐसे मकानों को निशाना बनाया जाता था, जिनमें ताला लगा होता था और जिनके आसपास लोगों की आवाजाही कम रहती थी। आरोपी पहले मकानों की स्थिति और चोरी के अनुकूल अवसरों की जानकारी जुटाते थे, इसके बाद ताला तोड़कर वारदात को अंजाम देते थे। चोरी के बाद अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की वारदातों की योजना बनाई जाती थी।

पांच आरोपी गिरफ्तार, दो मोटरसाइकिल सहित मशरुका जब्त

पुलिस ने इस मामले में करन धुर्वे पिता सागर धुर्वे उम्र 20 वर्ष, विजय मरावी पिता जयलाल मरावी उम्र 28 वर्ष, मनोज धुर्वे उर्फ किसन पिता प्रेमलाल धुर्वे उम्र 25 वर्ष, अरबेद उर्फ भूपेन्द्र धुर्वे पिता वीरेन्द्र धुर्वे उम्र 23 वर्ष, सभी निवासी शेरवार क्षेत्र थाना परसवाड़ा जिला बालाघाट तथा एक 16 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से करीब 15 तोला वजनी चांदी की एक पायल, दो जोड़ी चांदी की बिछिया, दो हजार रुपये नकद और वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल जब्त की गई हैं। जब्त संपत्ति का कुल मूल्य करीब 1 लाख 90 हजार रुपये बताया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में विजय उर्फ करिया पिता जयलाल मरावी के विरुद्ध थाना परसवाड़ा जिला बालाघाट में वर्ष 2018 में अपराध क्रमांक 55/2018 के तहत धारा 354(ए), 506 भादवि एवं पॉक्सो एक्ट की धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

पुलिस टीम की रही महत्वपूर्ण भूमिका

उक्त चोरी की वारदातों के खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक डॉ. जयसिंह यादव, थाना प्रभारी निवास निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह धुर्वे, थाना प्रभारी मोहगांव निरीक्षक राजाराम बड़ैले, चौकी प्रभारी हिरदेनगर निरीक्षक सतीश यादव, उपनिरीक्षक भीमराव मेश्राम, थाना निवास के उपनिरीक्षक पंकज विश्वकर्मा, सहायक उपनिरीक्षक अरुण आर्मो, रमेश पाल, प्रधान आरक्षक विजय तेकाम, अमित गरयार, सिवचरन वाकड़े, सेवचरन नरेती, चंद्रकुमार वरकड़े, राजेश उइके, आरक्षक सुंदर भलावी, शिवा नाविक, हरिदास बिझिया, संदीप पूसाम, प्रशांत अवस्थी, अरविंद बर्मन, बुद्धसेन, ज्ञानेन्द्र कौसिक, अभिनव दुबे तथा साइबर सेल से सुरेश भटेरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



कदम ताल करती महिला पर झपट्टा, सुहाग की डोर टूटी

मंडला, यशभारत। मंडला के नर्मदा जी वार्ड में बुधवार रात बाइक सवार दो युवक एक महिला के गले से चार लाख की सोने की चेन छीनकर भाग गए। घटना आसपास लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों में कैद हो गई। महिला ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है। महिला ममता अग्रवाल ने बताया कि वह घर से अपनी सराफा दुकान जाने के लिए निकली थीं। उनके पति को डॉक्टर के पास जाना था, इसलिए उन्होंने ममता से दुकान जाने के लिए कहा था। घर से करीब 5-6 फीट आगे बढ़ते ही बाइक सवार दो युवक उनके पास पहुंचे और चेन खींचकर भाग गए। ममता के मुताबिक, आरोपियों ने कटर जैसी किसी चीज से चेन काटी। उनके गले में करीब 22-23 ग्राम की सोने की चेन और 5-6 ग्राम का लॉकेट था (कीमत करीब चार लाख) घटना अचानक हुई, इसलिए वह युवकों के चेहरे ठीक से नहीं देख पाईं। पीछे बैठे युवक ने सफेद शर्ट पहनी थी। वह बाइक का नंबर भी नहीं देख सकीं। ममता ने बताया कि दुकान जाने का उनका कोई तय समय नहीं है। आमतौर पर वह शाम 5 से 6 बजे तक घर लौट आती हैं। उन्होंने पुलिस से आरोपियों को जल्द पकड़ने और कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस आसपास के ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज देख रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है।

डिजीटल इंडिया की खुली पोल जर्जर स्कूल में कैद बच्चों का भविष्य



मंडला, यशभारत।जिले के नारायणगंज विकासखंड के सुदूर वनग्राम घुघरी में शिक्षा व्यवस्था बदहाल है। यहां संचालित एकीकृत माध्यमिक शाला में कक्षा 1 से 8 तक के करीब 100 आदिवासी बच्चे वर्षों पुराने जर्जर प्राथमिक शाला भवन में पढ़ने को मजबूर हैं। स्कूल में केवल तीन कमरे हैं, जिनमें आठ कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। पिछले 13 वर्षों से बच्चे इसी अव्यवस्था के बीच शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा अब तक भवन निर्माण की पहल नहीं की गई है। ग्रामीण मुलवा विश्वकर्मा के अनुसार प्राथमिक शाला का भवन काफी पुराना और जर्जर हो चुका है। वर्ष 2013 में गांव में माध्यमिक शाला तो शुरू कर दी गई, लेकिन उसके लिए अलग भवन नहीं बनाया गया। तब से प्राथमिक शाला के तीन कमरों में ही कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई कराई जा रही है। एक ही कमरे में अलग-अलग कक्षाओं के बच्चे बैठते हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित होती है। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकने के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि नए स्कूल भवन के लिए पिछले 13 वर्षों से लगातार मांग की जा रही है। इस संबंध में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक आवेदन और ज्ञापन सौंपे गए हैं। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को भी कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिम्मेदारों की अनदेखी से ग्रामीणों में नाराजगी है। बच्चों के भविष्य और उनकी सुरक्षा को देखते हुए ग्रामीणों ने एक बार फिर जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा केंद्र के अधिकारियों से नए शाला भवन की स्वीकृति देने और निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।

काल बना बेकाबू ट्रक: रफ्तार का खूनी खेल युवक की थमीं सांसें, दोस्त बुरी तरह घायल

बालाघाट । बालाघाट में भीषण सड़क हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया यहां भरवेली और आंवलाझरी के बीच शंकर मंदिर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान गौरव राऊत (20) की मौत हो गई। जबकि इस भीषण हादसे में उसका दोस्त अंशुल मर्सकोले (24) घायल है। उसके सिर और बाएं पैर में चोट आई है। बताया जा रहा है कि बूढ़ी निवासी गौरव पिता विजय राऊत और दीनदयालपुरम निवासी अंशुल पिता वीरसिंह मर्सकोले गांगुलपारा घूमने गए थे। शाम को दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान भरवेली और आंवलाझरी के बीच शंकर मंदिर के पास ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ऑटो की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां दोनों का इलाज शुरू किया गया, लेकिन देर रात गौरव ने दम तोड़ दिया। अंशुल का अस्पताल में इलाज जारी है।





अस्पताल से मिली सूचना के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा किया। जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर ट्रक जब्त कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

लहू से सींचने चले थे जमीन का टुकड़ा

तलवार से जानलेवा हमला पिता-पुत्र गिरफ्तार

सागर, यशभारत । सागर जिले के थाना केसली अंतर्गत ग्राम नन्ही देवरी में जमीनी विवाद को लेकर एक युवक पर तलवार से जानलेवा हमला करने वाले पिता-पुत्र को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सागर,संजीव सिंहा के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में यह त्वरित कार्रवाई की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 4 नवंबर 2026 की शाम करीब 06:00 बजे की है। ग्राम नन्ही देवरी निवासी हरिशंकर उर्फ गोले पटैल गंगा जोहर वाली पुलिया के पास खड़े थे। इसी दौरान पारिवारिक जमीनी विवाद को लेकर आरोपी गंगाराम पटैल और उसका पुत्र बबलू पटैल वहां पहुंचे और उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर आरोपी बबलू पटैल ने हरिशंकर को पकड़ लिया, जबकि गंगाराम पटैल ने जान से मारने की नीयत से तलवार से उनके सिर, गर्दन और कोहनी पर ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घटना के तुरंत बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल हरिशंकर को नन्ही देवरी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर रेफर किया गया, जहाँ से बेहतर इलाज के लिए उन्हें भोपाल रेफर किया गया है।फरियादिया सविता पटैल की शिकायत पर थाना केसली में अपराध क्रमांक 257/2026, भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1), 296(ङ्ख), और 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

घटना की गंभीरता को भांपते हुए थाना केसली पुलिस ने तुरंत संभावित ठिकानों पर दबिश दी और घेराबंदी कर दोनों नामजद आरोपियों– गंगाराम पटैल और उनके पुत्र बबलू पटैल (निवासी ग्राम नन्ही देवरी, थाना केसली) को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय के आदेश पर दोनों को जेल भेज दिया गया है।

शराब तस्करों पर बड़ी कार्यवाही: शराब का जखीरा बरामद

मंडला, यशभारत।आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विक्रय एवं निर्माण के विरुद्ध मंडला शहर एवं नैनपुर क्षेत्र में कार्रवाई की गई। मंडला शहर के बस स्टैंड, मछली मार्केट एवं झूला पुल क्षेत्र में दबिश देकर अवैध रूप से मदिरा विक्रय करने वालों के घर एवं दुकानों से मदिरा बरामद कर जब्त की गई। वहीं नैनपुर क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान 3 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई में कुल 7 प्रकरण पंजीबद्ध कर 45 नग विदेशी मदिरा, 8 बोतल मैकडोवेल नंबर-1 रम, 2 बोतल आइकॉनिक व्हिस्की, 1 बोतल ब्लैक बकार्डी, 15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा तथा 150 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। जब्त मदिरा की अनुमानित कीमत 38 हजार 250 रूपए है। बरामद महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक श्री सर्वेश नागवंशी एवं श्री भानु पुशाम सहित प्रधान आरक्षक श्री कन्हैया उइके, श्रीमती शकुंतला सैयाम, श्री विकास कौरव एवं आबकारी अमला शामिल रहा।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष कुमार शुक्ला द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा. लि. प्लांट 18 इंडस्ट्रियल एरिया रिछाई, जबलपुर से मुद्रित एवं 435 राजीव वार्ड सुभाष पार्क चौराहा कंदेली नरसिंहपुर से प्रकाशित स्थानीय संपादक विक्रांत पटेल * संपादक अम्बरीष तिवारी * एवं सलाहकार संपादक श्याम कटारे (फोन- 07792-231060) डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2025-27 *समाचार चयन के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार RNI No.MPHIN / 2015/64553 E-mail- narsinghpur@yashbharat.co.in (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)